रोहतक

शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 30, अंक : 72

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम

अधि. 42.0

न्यून. 17.3


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





5 महिला क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच टी20 सीरीज आज से



# SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS

Sanskar Shiksha Safalta

THE TIMES OF INDIA Awarded with Times School Survey award 2025-26

10 YEARS OF EXCELLENCE

ADMISSIONS OPEN SESSION 2026-27

## हर बार Topper यही है हमारी पहचान

Congratulations

OUR PROUD ACHIEVEMENT

Class 10th CBSE Board Result

95% & Above 27 Students | 90% & Above 68 Students | 80% & Above 136 Students



SOHANI D/O PARVEEN BERI — 98.6%

LAKSHITA D/O JASBIR DUBALDHAN — 98.6%

DHIREN S/O DHARMENDER UTLODHA — 98.2%

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 98% Aditi D/o Devender Patasani | 98% Ayushi D/o Satyapal Ghatauli | 98% Ishita D/o Vedprakash Dubaldhan | 97.4% Mayank S/o Anand Koelpur | 97.4% Ritesh S/o Ranbir Kharar | 97.2% Kanishka D/o Vipin Kheri Khummar | 97.2% Dipanshu S/o Surender Bamdola |
| 97.2% Neelakshi D/o Bhuvenesh Rohtak | 97.2% Parul D/o Narender Sekhupur Majri | 97% Garvika D/o Deepak Jhajjar | 97% Naman S/o Maninder Jahazagarh | 97% Yashika D/o Yogesh Jhajjar | 97% Nitin S/o Anil Machhrauli | 97% Soumya D/o Anil M.P Majra |
| 97.2% Dhairya S/o Ashmit Matanhail | 96% Jai S/o Arun Pahadipur | 96% Yashika D/o Sunil Koelpur | 96% Yashika D/o Ajay Jhajjar | 96% Prince S/o Ashwani Ahmedpur | 95.4% Riya D/o Dharmender Kheri Sultan | 95% Angle D/o Manoj Patasani |
| 95% Chaavi D/o Charanjit Sheria | 95% Garima D/o Ashok Pataud | 95% Kanak D/o Rajkapur Talao | 94.2% Nitika D/o Satish Jhajjar | 94.2% Prince S/o Arun Kheri Khummar | 94% Diksha D/o Pardeep Jahazgarh | 94% Gayatri D/o Navneet Chappar |
| 94% Delisha D/o Amit Jhajjar | 94% Sonal D/o Pawan Luhari | 94% Yash S/o Harpal Jhajjar | 93.4% Vanshika D/o Ombir Wazirpur | 93.2% Anuj S/o Ajit Jhajjar | 93.2% Kanika S/o Lokesh Pataud | 93.2% Rashi D/o Parmod Kharar |
| 93.2% Saanvi D/o Vikash Khatiwas | 93% Ayush S/o Yogesh Palra | 93% Aman S/o Ramesh C. Siwana | 93% Jatin S/o Jagbir Jhajjar | 93% Amna S/o Mahesh Siwana | 93% Himank S/o Ravinder Wazirpur | 93% Mitali D/o Vipin Kabulpur |
| 92.4% Mehak D/o Yamin Jhajjar | 92.2% Bhavya S/o Vikram Rampura | 92% Tanishq S/o Vikash Kheri Jatt | 92% Kanishka D/o Rohit Jhajjar | 92% Chirag S/o Yaddram Pataud | 92% Varshu D/o Shiv Shankar Jhajjar | 92% Vivann S/o Vijay Birdhana |
| 91% Prabashi D/o Bhupender Babra | 91% Jatin S/o Shaukerpal Ashiyaaki Gorawas | 91% Shakshi D/o Sonu Gijarodh | 91% Parth S/o Vikash Bahalgarh | 91% Riddima D/o Virender Kheri Khummar | 91% Vanshu D/o Deepak Jhajjar | 90.4% Chhavi D/o Neeraj Dulhera |
| 90.4% Riddhima D/o Ravinder Kabulpur | 90.4% Shubham S/o Ompal Sekhupur Majri | 90.2% Chesta D/o Sunil Kheri Khummar | 90.2% Lakshita D/o Jagmal Silana | 90.2% Divyapartap S/o Pawan Rampura | 90.2% Niyati D/o Jagjeet Birdhana | 90% Khushi D/o Rajiv Jhajjar |
| 90% Divyansh S/o Manoj Jhajjar | 90% Pratigya D/o Jaivir Jhajjar | 89.2% Vanshika D/o Amit Jhajjar | 89% Shaurya S/o Anil Matanhail | 88.8% Navneet S/o Sunil Kr Jhajjar | 88.4% Garvit S/o Ravinder Acchej | 88.4% Gourav S/o Surender Palra |

Integrated Classroom Programme for Selection in IIT-JEE, NEET, NDA, MNS, SSC, CUET, CLAT, CA, CS, ICMAI, UPSC, Banking Exams, Olympiads, KVPY, and other competitive exams.

JHAJJAR CAMPUS : 8222889860,62 | PATAUDA CAMPUS : 9053007801,02

NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar ( Haryana) | NH.352, Pataudа, Near Kulana, Jhajjar ( Haryana)

# सीएमओ में बड़ा फेरबदल : 18 विभागों के साथ खुल्लर सबसे पावरफुल

चंडीगढ़ । मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को अधिकारियों के बीच विभागों का फिर से बंटवारा किया गया है। सरकार ने नोटिफिकेशन भी जारी किर दिया। इस निर्णय से विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने और जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।

## गृह, एक्साइज और फाइनेंस सहित अन्य विभाग देखेंगे सीएम के मुख्य प्रधान सचिव



मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर को सर्वाधिक 18 महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अंतर्गत प्रशासनिक न्याय, कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, ऊर्जा, आबकारी एवं कराधान, वित्त, संस्थागत वित्त, ऋण नियंत्रण एवं योजना, सामान्य प्रशासन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, आतिथ्य एवं सतर्कता, स्वास्थ्य, गृह, उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति, सिंचाई एवं जल संसाधन, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, संसदीय कार्य एवं विधायी कार्य, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा नगर एवं ग्राम नियोजन एवं शहरी संपदा शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय के समग्र कार्यों का समन्वय भी उनके अधीन रहेगा। सरकार ने एक बार फिर से पूर्व वरिष्ठ अधिकारी को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। फेरबदल से प्रशासनिक कार्यों का तेजी से निपटरा करने में मदद मिलेगी।

## अरुण कुमार गुप्ता को 10 विभागों का कार्यभार

प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता को नागरिक उड्डयन, अपराध अनुसंधान, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, मत्स्य पालन, खनन एवं भूविज्ञान, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), समाज न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, परिवहन तथा शहरी स्थानीय निकाय जैसे विभाग सौंपे गए हैं। साथ ही मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन से जुड़े कार्य भी उनके पास रहेंगे।

## यशपाल को 9 विभागों की जिम्मेदारी

उप प्रधान सचिव यशपाल को अभिलेखागार, पुरातत्व एवं संग्रहालय, विकास एवं पंचायत, धरोहर एवं पर्यटन, श्रम, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, विद्यालय शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा सरस्वती धरोहर बोर्ड का कार्यभार दिया गया है।

## अजय कुमार को 7 विभाग और विशेष निगरानी दायित्व

उप प्रधान सचिव (द्वितीय) अजय कुमार को सहकारिता, निर्वाचन, उच्च शिक्षा, आवास, 'सभी के लिए आवास', सूचना एवं जनसंपर्क, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सौंपे गए हैं। इसके अतिरिक्त कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, बजट घोषणाओं की निगरानी, बैठकों के कार्यवृत्त की समीक्षा तथा मुख्यमंत्री संवाद व्यवस्था के प्रदर्शन की निगरानी भी उनके अधीन रहेगी।

## ओएसडी को ये कार्यभार

- विशेष कार्य अधिकारी राज नेहरा को भविष्य योजना, उच्च शिक्षा तथा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता से जुड़े विभाग दिए गए
- विवेक कालिया को मुख्यमंत्री संवाद व्यवस्था (दो खिड़की) तथा जन संवाद कार्यक्रमों का दायित्व सौंपा गया
- विशेष कार्य अधिकारी सुधांशु गौतम को स्थानीय शासन संस्थाओं से जुड़े कार्य, सरकारी आवास, मुख्यमंत्री राहत कोष, मानव संसाधन से जुड़े दंडात्मक प्रकरण, ऑनलाइन स्थानांतरण नीति तथा वक्फ बोर्ड जैसे कार्यक्षेत्र सौंपा गया
- राकेश संधू को मुख्यमंत्री संवाद व्यवस्था (एक खिड़की) और जन शिकायतों के निवारण का दायित्व दिया गया
- नरेंद्र पाल मलिक को मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन और उनकी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

गौरतलब है कि सीएमओ में कई दिनों से बदलाव की सुगबुगाहट चल रही थी। बृहस्पतिवार को देर शाम को सरकार ने कार्यभार सौंपे।

## खबर संक्षेप

### अनुपमा अंजलि बनीं महेंद्रगढ़ की उपायुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरन्त प्रभाव से दो आईएएस अधिकारियों के तबादला एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार महेंद्रगढ़ (नारनौल) के उपायुक्त मनोज कुमार-I को वित्त विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद की प्रशासक तथा शहरी संपदा, फरीदाबाद की अतिरिक्त निदेशक अनुपमा अंजलि को महेंद्रगढ़ (नारनौल) का उपायुक्त लगाया है।

### बाबा साहेब का योगदान अहम : डॉ. वुंडरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एसीएस डॉक्टर राजा शेखर वुंडरू ने डॉक्टर आंबेडकर की जयंती समारोह को लेकर अमेरिका में संबोधन दिया ।



उन्होंने बाबा साहब को लेकर कहा कि अम्बेडकर वे व्यक्ति थे जिन्होंने दोनों विश्वयुद्ध देखे,न्यूयॉर्क और लंदन में छात्र के रूप में उन्होंने प्रथम विश्वयुद्ध जिया।संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में भारत के स्थायी मिशन द्वारा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उनकी विरासत कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। पहली बार अमेरिका में हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एसीएस डॉक्टर राजा शेखर को इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का योगदान अहम रहा।

### एफएसएल न कम किए 8% लंबित मामले

**चंडीगढ़।** हरियाणा फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) ने वर्ष 2026 की पहली तिमाही में लंबित मामलों के निपटान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जांच प्रक्रिया को भी तेज, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाया है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2026 को जहां लंबित मामलों की संख्या 16,040 थी, वहीं 31 मार्च 2026 तक यह घटकर 14,863 रह गई। यह लगभग 8 प्रतिशत की कमी दर्शाता है, जो एफएसएल की सुनियोजित कार्यप्रणाली, बेहतर समन्वय और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

### यादव ने दल-बदल कानून पर दिया व्याख्यान

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के सलाहकार रामनारायण यादव को लोकसभा की तरफ से विशेष निमंत्रण प्राप्त हुआ, जहां उन्होंने दल-बदल कानून पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 17 देशों की संसदों से आए 43 प्रतिनिधियों के साथ-साथ भारतीय संसद के कई अधिकारियों ने भाग लिया। रामनारायण यादव ने अपने संबोधन में दल-बदल कानून की संवैधानिक पृष्ठभूमि, इसकी आवश्यकता व अन्य विषयों पर व्याख्यान दिया।

## पानीपत से शुरू हुआ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान देश में जन आंदोलन बना

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा नीति निर्माण में नेतृत्व : नायब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को देश के नीति निर्माण में नेतृत्व की भूमिका प्रदान करेगा। वह चंडीगढ़ के सेक्टर-38 स्थित रानी लक्ष्मी बाई भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक महिलाओं की भूमिका को सीमित करने का प्रयास किया गया और उन्हें निर्णय प्रक्रिया से दूर रखा गया। इसके बावजूद रानी पद्मावती, रानी दुर्गावती, चांद बीबी और रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने अपनी प्रतिभा और साहस से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2015 में पानीपत से शुरू किया गया 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान पूरे देश में जनआंदोलन बना। इसके परिणामस्वरूप हरियाणा का लिंगानुपात 871 से बढ़कर 923 तक पहुंच गया है।

### चंद्रयान-3 मिशन की सफलता में महिलाओं की अहम भूमिका

उन्होंने कहा कि भारत में आज सबसे अधिक महिला पायलट हैं और चंद्रयान-3 मिशन की सफलता में भी महिलाओं की अहम भूमिका रही है। आईआईटी में बेटियों के प्रवेश का प्रतिशत भी 8 से बढ़कर 20 से अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जिससे गांवों में पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जिससे वे नीति निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगी। यह कानून देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे महिलाओं को देश का नेतृत्व करने का मौका मिलेगा।



### समर्थन में नारी शक्ति, प्रदेश भर में निकली पदयात्राएं

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बृहस्पतिवार को प्रदेशभर में महिलाओं ने पदयात्राएं निकाली। भीषण गर्मी के बावजूद उत्साह देखते ही बनता था। सरकार के मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।




## सीएफएमएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान करें : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएफएमएस पोर्टल पर लंबित सभी फाइलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की देरी प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित करती है, इसलिए फाइलों को समयबद्ध तरीके से निपटाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लंबित फाइलों का निपटारा अधिकतम 15 दिनों के भीतर पोर्टल के माध्यम से किया जाए। मुख्यमंत्री सिविल सचिवालय में ह्यूमैन रिसोर्स मॉड्यूल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सीएफएमएस में लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा करके जवाबदेही भी तय करें।

## नगर निकायों में एक मई से चलेगा स्पेशल स्वच्छता अभियान



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के सभी नगर निकाय संस्थानों में आगामी एक मई 2026 से दो सप्ताह के लिए स्पेशल स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, इस अभियान के अलावा वर्षभर चलने वाले सफाई कार्यों में वार्ड समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों में नवगठित वार्ड समितियों के सदस्यों से रूबरू हो रहे थे।

## सिंचाई विभाग के इंजीनियर इन चीफ निलंबित

**चंडीगढ़।** सरकार के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इंजीनियर-इन-चीफ (वाईडब्ल्यूएस नॉर्थ) सतबीर कादियान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में विभाग की ओर से आदेश भी जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि वित्तीय अनियमितताओं और गोलमाल के आरोप में कार्रवाई की गई है। मुख्य सचिव हरियाणा सरकार ऑफिस की ओर से जारी आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान सतबीर सिंह कादियान को हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम, 2016 के तहत निर्धारित जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। साथ ही इस अवधि में उनका मुख्यालय पंचकूला स्थित हेड ऑफिस निर्धारित किया है। वैसे, उनके निलंबन के आदेश पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (सिंचाई एवं जल संसाधन) अनुराग अग्रवाल के हस्ताक्षर हैं और यह आदेश 15 अप्रैल 2026 से प्रभावी माना है। निलंबन ऑर्डर की कॉपी में स्पष्ट कारणों का उल्लेख नहीं किया है।

**PUBLIC NOTICE**
**LOSS OF SHARE CERTIFICATES**
I, Rekha Shenoy, residing at C1-149, RMV Cluster, Phase-1, Devinagar, Lottegollahalli, Bengaluru-560094, have lost the below mentioned original documents while in transit. **If found, please contact: 9663397901**

| Company | Folio Number | Certificate No. | Distinctive No. From | Distinctive No. To | Number of shares |
|---|---|---|---|---|---|
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970074 | 38955578 | 38955627 | 50 |
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970075 | 38955628 | 38955677 | 50 |
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970076 | 38955678 | 38955727 | 50 |
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970077 | 38955728 | 38955737 | 10 |
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970078 | 38955738 | 38955747 | 10 |
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970079 | 38955748 | 38955757 | 10 |
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970080 | 38955758 | 38955762 | 5 |
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970081 | 38955763 | 38955763 | 1 |
| Escorts Kubota Ltd | ESC0325344 | 970082 | 38955764 | 38955764 | 1 |

**उत्तर रेलवे**
**सूचना**
स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) हेतु फेसिलिटेटर (सामान्य जनता) के चयन के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना (NIA) (फाइल संख्या : CIID/ATVM Facilitators/2026-2027 )

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन आमंत्रण सूचना संख्या | CIID/ATVM Facilitators/2026-2027 |
| 2 | कार्य का नाम एवं स्थान | दिल्ली मंडल के अंतर्गत 47 रेलवे स्टेशनों (NDLS, DLI, NZM, ANVT, DEE, DEC, PM, PTRD, NNO, SSB, GGN, DKZ, JIND, JHL, MSZ, NRW, TUN, ROK, BGZ, JNA, PNP, SNP, NUR, SZM, SMK, GNU, KUN, KKDE, DSA, NOLI, BPM, BTU, GZB, SBB, PWL, BVH, FDN, FDB, TKD, MTC, MDNR, MUD, MUT, DBD, MOZ, TPZ और SMQL) पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु सामान्य जनता से एक वर्ष की अवधि के लिए फेसिलिटेटर का चयन। |
| 3 | आवेदन का प्रकार | खुला आवेदन |
| 4 | आवेदन जमा करने का पता, अंतिम तिथि एवं समय (ऑफलाइन माध्यम) | इच्छुक आवेदक अपने आवेदन ऑफलाइन माध्यम से 15.04.2026 से 27.04.2026 तक, सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर, निम्न पते पर जमा कर सकते हैं: वाणिज्य शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| 5 | आवेदन जमा करने हेतु ई–मेल पता (ऑनलाइन माध्यम) | इच्छुक आवेदक अपने आवेदन ऑनलाइन माध्यम से निम्न आधिकारिक जी–मेल पते पर 15.04.2026 से 27.04.2026 तक, सायं 17:00 बजे तक भेज सकते हैं: **srdcm.ndls@gmail.com** |
| 6 | सम्पूर्ण निविदा सूचना कहाँ देखी जा सकती है। | निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते है। |
| 7 | स्व–प्रमाणित दस्तावेजों की सूची, जो आवदेन के साथ जमा किए जाने है | 1. आधार कार्ड की छायाप्रति (स्वप्रमाणित) 2. पैन कार्ड की छायाप्रति (स्वप्रमाणित) 3. दो पासपोर्ट आकार के फोटो। 4. शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र। 5. पुलिस द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र। |

1252/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आरटीई : स्कूलों के लिए 25% सीटें आरक्षित करना अनिवार्य : शिक्षामंत्री

- स्कूल 20 मार्च तक पोर्टल पर सीटें अपलोड करें : ढांडा

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(सी) के तहत प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को कक्षा प्रथम एवं उससे पूर्व की कक्षाओं में वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना अनिवार्य है। इस संबंध में विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि सभी विद्यालय अपनी आरक्षित सीटों का विवरण विभागीय वेबसाइट एवं उज्ज्वल पोर्टल पर 11 मार्च से 20 मार्च तक अपलोड करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुल 9230 निजी विद्यालयों में से 8621 विद्यालयों ने समय रहते पोर्टल पर सीटें घोषित कीं, जबकि 609 विद्यालयों ने निर्देशों का पालन नहीं किया। इसके अतिरिक्त सीटें घोषित करने वाले 8621 विद्यालयों में से 891 विद्यालय ऐसे पाए गए, जिन्होंने अपनी मान्यता से संबंधित आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड नहीं किए। इसी कारण उनकी प्रविष्टियां अस्वीकृत कर दी गईं हैं।

## लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही भाजपा : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व मंत्री सैलजा ने महिला आरक्षण और जाति जनगणना के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता पहले ही स्पष्ट कर चुकी है और वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को देश का संवैधानिक संकल्प मानते हुए उसका पूर्ण समर्थन करती है।सैलजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन प्रक्रिया के जरिए सत्ता संतुलन को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रही है, जो लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने की दिशा में एक चिंताजनक कदम है।

## वैध श्रमिकों की आईडी जल्द होगी एक्टिव : विज

**चंडीगढ़।** श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में वर्कस्लिप (90 दिन कार्य रसीद) से जुड़ी अनियमितताओं की जांच में वैध पाई गई वर्क स्लिप के श्रमिकों को बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले लाभों के लिए जल्द आईडी एक्टिवेट/पोर्टल खोल दिया जाएगा जिनका डाटा सही/असली पाया गया है क्योंकि सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को भेजे गए प्रस्ताव के संबंध में मंजूरी/सिफारिशें प्राप्त हो चुकी है। विज ने बताया कि इस संबंध में एक प्रस्ताव सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को उनके द्वारा भेजा गया था, और इस प्रस्ताव के संबंध में मंजूरी/सिफारिशें उच्च स्तरीय समिति द्वारा प्रदान कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस उच्च स्तरीय समिति में विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के महानिदेशक राजीव रत्तन, अंबाला के आईजी पंकज नैन और वास्तुकला विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से हरियाणा में सामाजिक परिवर्तन का नया अध्याय शुरू होगा



**मोहनलाल बड़ौली**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

हरियाणा, जो अपनी मेहनत, खेल प्रतिभाओं और कृषि शक्ति के लिए देशभर में पहचान रखता है, आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां सामाजिक बदलाव को राजनीतिक शक्ति से जोड़ने की आवश्यकता है। यह वही प्रदेश है जहां बेटियों ने विश्व मंच पर परचम लहराया, लेकिन राजनीति में उनकी भागीदारी अब भी सीमित रही है। 1966 में हरियाणा के गठन के बाद अब तक 15 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं, लेकिन इन चुनावों में महिलाओं की भागीदारी बेहद कम रही है। हरियाणा में 60 साल में महज 6 महिलाएं ही ऐसी रही है जो लोकसभा तक पहुंच सकी। प्रदेश के इतिहास में पहली बार 1977 में चौधरी बंसीलाल जैसे दिग्गज नेता को पराजित कर चंद्रावती संसद की दहलीज तक पहुंचीं। उनके बाद कैलाशो सैनी, सुधा यादव, कुमारी सैलजा, श्रुति चौधरी और सुनीता दुग्गल ही लोकसभा तक पहुंचने में कामयाब हो सकी है। यह संख्या प्रतिशत के लिहाज से अत्यंत कम है। चिंता का विषय यह भी है कि हरियाणा के 10 लोकसभा क्षेत्रों में से 6 - करनाल, सोनीपत, रोहतक, हिसार, गुड़गांव और फरीदाबाद ऐसे हैं जहां से आज तक एक भी महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई है। यह स्थिति स्पष्ट रूप से बताती है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व में महिलाओं को अब भी बराबरी का अवसर नहीं मिल पाया है।

यदि विधानसभा की बात करें, तो 1966 से अब तक 14 बार विधानसभा का गठन हुआ है और इन 60 वर्षों में कुल मिलाकर लगभग 100 बार महिलाएं विधायक चुनी गई हैं। यह आंकड़ा भी दर्शाता है कि महिलाओं की भागीदारी सीमित दायरे में ही सिमटी रही है। हालांकि एक सकारात्मक संकेत यह है कि 2014 और 2024 में, जब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही, तब सबसे अधिक 13 महिलाएं दोबारा विधानसभा में चुनी गईं जो यह दिखाता है कि सही नीतिगत वातावरण मिलने पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ सकती है। राज्यसभा में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। हरियाणा के 60 वर्षों के इतिहास में केवल छह महिलाओं ने ही उच्च सदन में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है - सुषमा स्वराज, विद्या बेनीवाल, सुमित्रा महाजन , कुमारी सैलजा , किरण चौधरी और रेखा शर्मा। इन 6 में से तीन महिलाओं को राज्यसभा में भेजने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया। जनता दल (एस), इनेलो और कांग्रेस की ओर से अब तक एक-एक महिला राज्यसभा में भेजी गई। यह आंकड़ा भी महिलाओं की सीमित राजनीतिक उपस्थिति को उजागर करता है।

इन सभी तथ्यों के बीच महिला आरक्षण का महत्व और भी बढ़ जाता है। यदि यह विधेयक लागू होता है तो हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों में से लगभग 30 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इसका अर्थ यह है कि आगामी तीन विधानसभा चुनाव में ही जितनी महिलाएं अब तक 60 वर्षों में नहीं पहुंच पाई, लगभग उतनी महिलाएं विधानसभा का हिस्सा बन जाएंगी। इसी प्रकार लोकसभा में भी एक-तिहाई आरक्षण लागू से प्रदेश में महिलाओं के तीन लोकसभा सीटें आरक्षित हो जाएगी।

## पोहेला बोइशाख समारोह में राज्यपाल ने की शिरकत

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने बंगाली समुदाय से आह्वान करते हुए कहा कि वे हरियाणा में सभी क्षेत्रों में हो रहे तीव्र एवं समग्र विकास के बारे समझे और उससे प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि बंगाली समुदाय, जो अपनी कड़ी मेहनत, बुद्धिमत्ता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, उसे हरियाणा प्रदेश की विकास यात्रा से सीख लेते हुए निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल चंडीगढ़ स्थित बंगा भवन में बंगाली नववर्ष के अवसर पर 'बांगीय सांस्कृतिक सम्मिलनी' द्वारा आयोजित पोहेला बोइशाख समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर लेडी गवर्नर मित्रा घोष भी उपस्थित थीं। बंगाली लोक कला एवं लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में 'बांगीय सांस्कृतिक सम्मिलनी' की भूमिका को भी राज्यपाल ने सराहा।

## कक्षा तत्परता कार्यक्रम को लेकर प्रधान सचिव ने ली बैठक

**चंडीगढ़।** विद्यालय शिक्षा विभाग प्रधान सचिव विजय दहिया ने कक्षा तत्परता कार्यक्रम की सामग्री का विमोचन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंस में राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों, जिला परियोजना समन्वयकों तथा खंड शिक्षा अधिकारियों ने भागीदारी की। दहिया ने कहा कि 'कक्षा तत्परता कार्यक्रम (क्लास रेडिनेस प्रोग्राम)' के अंतर्गत विकसित विभिन्न शैक्षणिक सामग्रियों का विमोचन हुआ है जिसमे शिक्षकों के लिए विषयवार समय-सारणी, विद्यार्थियों हेतु गतिविधि पुस्तिका तथा 45 दिनों की प्रगति को व्यवस्थित रूप से ट्रैक करने के लिए एक प्रभावी टूल है।

**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह जिला महेन्द्रगढ़ में वर्ष 2026-27 के लिए 1.5 एकड़ बाग में लगे किन्नु, माल्टा व बेर आदि फलों की खुली नीलामी दिनांक 22.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे केन्द्र परिसर में करवाई जाएगी। नीलामी मे भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को 10000/- (दस हजार रूपए केवल) धरोहर राशी के रूप मे नगद जमा करवाने होगे। सभी बोलीदाताओं को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। प्रथम सफल बोलीदाता की धरोहर राशि कुल बोली छुटने की प्रथम किस्त की राशी में समायोजित कर दी जाएगी व असफल बोलीदाताओं की धरोहर राशि बोली समाप्त होने के उपरांत वापिस कर दी जाएगी। अन्य नियम व शर्तें बोलीदाताओं को मौके पर ही बता दी जाएगी। नीलामी के लिए बोलीदाता फलदार पेड़ो का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए विषय विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (9828499793) पर संपर्क किया जा सकता है।

केन्द्र के फलदार पेड़ों का विवरण निम्न प्रकार से है-

| S.No. | Name of Fruit Plants | Number of Plants |
|---|---|---|
| 1 | किन्नु | 43 |
| 2 | माल्टा | 56 |
| 3 | बेर | 25 |

हस्ता/- उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच-1149/11/1077/2027/44678/88/6 दि. 16.04.26

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय राशि | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती राम भतेरी श्री शमशेर मनिगारी शॉप (प्रोस्पैक्ट नं. IL10703513) | प्लॉट/मकान एलजीडी नं. 610940084, यू.आई.डी. 061094BHA000001H0084, गांव भाटोल रांगड़ान, हांसी, हिसार, हरियाणा-125033, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2290.00, 1653.00 | रु. 566967/- रुपये पांच लाख छियासठ हजार नौ सौ सड़सठ केवल | 25-10-2025 | 13-04-2026 |
| श्री सतपाल श्री कुलदीप गिल श्रीमती देबो देवी मैसन वर्कर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10708357) | 585050S00MIS00RR389A, गांव दयालपुर कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र, निकट गुगा मढ़ी, कुरुक्षेत्र, हरियाणा, भारत-136118, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1034.00, 734.00 | रु. 338295/- रुपये तीन लाख अड़तीस हजार दो सौ पचानवे केवल | 09-01-2026 | 13-04-2026 |
| श्री करम चंद, श्रीमती सरोज बाला, करमचंद डेयरी फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10579190) | 059019 NPAM0S00R0247A, गांव अंजा थाली, करनाल, हरियाणा, निकट रविदास मंदिर, करनाल, हरियाणा, भारत-132117, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1210.00, 1052.00. | रु. 476283/- (रुपये चार लाख छिहत्तर हजार दो सौ तेरासी केवल) | 09/01/2026 | 13/04/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-1320011/ अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : हरियाणा, दिनांक : 17.04.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

रोहतक
शुक्रवार 17 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 30, अंक : 72
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 42.0
न्यून. 17.3

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



5 जडेजा 3,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ ही चटका चुके हैं 173 विकेट




हाईकमान का एक्शन

## क्रॉस वोटिंग करने वाले पांचों कांग्रेस विधायक सस्पेंड


शैली चौधरी
नारायणगढ़


रेनू बाला
सढ़ौरा


मोहम्मद इलियास
पुन्हाना


मोहम्मद इजरायल
हथीन


जरनैल सिंह
रतिया

**चंडीगढ़ (योगेंद्र शर्मा)।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले पांचों विधायकों को निलंबित कर दिया है। हरियाणा कांग्रेस अनुशासन समिति की ओर से पांचों के विरुद्ध रिपोर्ट दी गई थी, उसके बाद यह कार्रवाई हुई। क्रॉस वोटिंग और अधिकृत प्रत्याशी की हार तय करने को हाईकमान ने एक षड्यंत्र के तौर पर देखा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने साफ कर दिया है कि संगठन से बड़ा कोई नहीं है, गद्दारी करने वालों के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि इन विधायकों ने पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा है। अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी।

### निर्दलीय नांदल को दिया वोट

राज्यसभा चुनाव में पांचों विधायकों ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को पहली पसंद का वोट दिया था। क्रॉस वोटिंग और 4 वोटों के रद्द होने के कारण, कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर सिंह को 28 वोट मिले थे। यदि एक और वोट कम हो जाता, तो कांग्रेस यह सीट हार सकती थी।

महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर संसद में जोरदार बहस

# विपक्ष बिल पास करे, मैं विज्ञापन देकर क्रेडिट देने को तैयार : मोदी

**मेरा स्वार्थ नहीं**
विधेयकों से राजनीतिक लाभ नहीं, विरोध करेंगे तो मुझे फायदा होगा

**गारंटी देता हूं**
जिसको गारंटी चाहिए मैं देता हूं। हमारी नियत पूरी तरह साफ

**धन्यवाद देता हूं**
काले कपड़े पहनकर आए लोगों का शुक्रिया मेरे लिए टीके के समान

**विपक्ष प्रायश्चित करे**
महिलाओं को उनका वह हक दे, जो दशकों तक रोका गया है

**कीमत चुकानी होगी**
आज जो विरोध करेगा उन्हें लंबे समय तक पछताना पड़ेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि परिसीमन में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है और वादा है। विपक्ष इसका क्रेडिट ले सकता है। मोदी ने कहा कि यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा। फिर अलग पहलू हो जाता है। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं विज्ञापन देकर सबको धन्यवाद देने को तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे। ले लो जी क्रेडिट। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं। अगर गांरटी शब्द चाहिए तो मैं वह शब्द भी उपयोग करता हूं, वादा की बात करते हो तो उसे भी इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई शब्द हो तो मैं उसे भी कहता हूँ। क्योंकि जब नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है। *(संबंधित पैकेज पेज 2 पर)*

■ भ्रम फैलाया जा रहा है कि परिसीमन से दक्षिण के राज्यों की सीटें कम हो जाएंगी



### 15 घंटे चर्चा, आज शाम 4 बजे पेश होगा बिल

**संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 :** लोकसभा की सीटें 850 करने का प्रस्ताव। 815 राज्यों और 35 केंद्र शासित प्रदेशों से होंगी।

**परिसीमन (संशोधन) विधेयक 2026 :** परिसीमन के लिए जनसंख्या की परिभाषा में बदलाव, ताकि 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाए।

**केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 :** इस बिल से परिसीमन और महिला आरक्षण बिल लागू हो सकेंगे।

### साउथ के राज्यों में सीटें कम नहीं होंगी : शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा, 'पूरी चर्चा पर सभी सवालों का जवाब मैं कल दूंगा, लेकिन आज भी कुछ जवाब देने हैं, ताकि स्पष्टता बनी रहे। एक सबसे बड़ा नैरेटिव खड़ा किया जा रहा है कि ये जो 3 बिल हैं। वो आने से साउथ के राज्यों की क्षमता लोकसभा में कम हो जाएगी। मैं बिल जो सदन के सामने है। उसका प्रैक्टिकली बता रहा हूं। कर्नाटक राज्य में 28 सीटें हैं ये बिल पारित होने के बाद कर्नाटक की संख्या 42 हो जाएगी और प्रतिशत 5.14 हो जाएगा। आंध्र प्रदेश में अभी 25 सीटें हैं उसका प्रतिशत 4.60% है। बिल पारित होने के बाद सीटें 38 हो जाएंगी। तेलंगाना में 17 सीटे हैं उसका 3,13% है। बाद में बढ़कर 26 हो जाएंगी। तमिलनाडु में 39 सांसद हैं उसका प्रतिशत 7.18% है। यह बढ़कर 59 सांसद हो जाएंगे। नए सदन में प्रतिशत 7.23 हो जाएगा। केरल में 20 सांसद हैं, 3.68% सांसद है। जो बढ़कर 30 सांसद हो जाएंगे।

### प्रियंका गांधी ने कहा- बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती हैं

प्रियंका गांधी ने कहा कि वे कह रहे हैं कि उन्हें इसका श्रेय नहीं चाहिए। बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती हैं। सावधान हो जाइए नहीं तो पकड़े जाएंगे। 2023 में मोदी सरकार ने जब यह बिल पास किया तो हमने उसका समर्थन किया। आज भी उसमें कोई शक नहीं होना चाहिए कि कांग्रेस इसका समर्थन नहीं करेगी। हम डटकर खड़े हैं। आज की चर्चा महिला आरक्षण पर नहीं है। मैंने इसका प्रारूप पढ़ा है। सबसे पहले इसमें लिखा है कि महिला आरक्षण 2029 तक लागू हो, हम सहमत हैं। दूसरा है कि सीटों की संख्या 850 तक बढ़ाई जाएगी।

हाईकोर्ट से कांग्रेस को झटका

## निगम चुनाव पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में नगर निगम चुनाव पर रोक के मांग वाली कांग्रेस की याचिका हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। कांग्रेस ने चुनाव पर रोक लगाने की मांग करते हुए वार्ड अधिसूचना फिर से जारी करवाने की मांग रखी थी। जिस पर कोर्ट ने कहा कि चुनाव की तारीख घोषित हो चुकी है, अब दखल देना उचित नहीं है। हरियाणा में सोमवार को 7 नगर निकायों के आम चुनाव और पंचायती राज के 528 पदों पर उपचुनाव की घोषणा हुई थी। कांग्रेस चुनाव पर रोक लगाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंच गई। जहां उनकी याचिका पर पहली बार बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कांग्रेस की याचिका दूसरी बेंच को ट्रांसफर कर दी गई है, जिस पर गुरुवार को फिर से सुनवाई हुई।



**कोर्ट ने कहा**
निगम चुनाव घोषित हो चुका
अब दखल देना उचित नहीं

### याची कोई आंकड़ा पेश नहीं कर पाया

चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ने यह करते हुए खारिज कर कि याचिकाकर्ता कोई आंकड़ा पेश नहीं कर पाया व चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद हस्तक्षेप सीमित है। पंचकूला निवासी ऊषा रानी सहित अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा दाखिल याचिका में अधिसूचना को असंवैधानिक और अधूरी बताते हुए इसे रद करने की मांग उठाई थी।

### 7 निकायों में होना है चुनाव

सोनीपत-पंचकूला, अंबाला नगर निगम, रेवाड़ी नगर परिषद, उकलाना, धारूहेड़ा व सांपला नगर पालिका में 10 मई को वोटिंग होगी। 13 मई को रिजल्ट आएगा। 21 अप्रैल से नामांकन भरे जा सकेंगे। चुनाव आयुक्त के मुताबिक पानीपत और करनाल जिला परिषद के 1-1 वार्ड, 12 ब्लॉक समिति सदस्यों, 29 सरपंच, 485 पंच पदों के लिए वोटिंग भी 10 मई को होगी। उसी दिन वोटों की गिनती करके नतीजे घोषित हो जाएंगे।

खबर संक्षेप

### अनिल को एक और झटका, 'बैंक फ्रॉड' में याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उद्योगपति अनिल अंबानी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने अंबानी की बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को गुरुवार को खारिज कर दिया। बंबई उच्च न्यायालय ने तीन बैंकों द्वारा उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों को 'फर्जी' घोषित करने के लिए शुरू की गई कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति दी थी। पीठ ने कहा कि वह उनकी याचिका पर शीघ्र निर्णय ले।

### चुनावों में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा आदेश नीतिगत दायरे में आता है और न्यायपालिका इसे जारी नहीं कर सकती। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि जान-बूझकर वोट न डालने वालों के लिए दंडात्मक कार्रवाई की मांग और वोटिंग अनिवार्य बनाने वाली याचिकाओं पर कोर्ट सुनवाई नहीं कर सकता। बेंच ने याचिका याचिकाकर्ता अजय गोयल से कहा कि वे अपनी शिकायतों को लेकर संबंधित पक्षों से संपर्क करें। *एजेंसी*

जंग खत्म होने के बन रहे आसार

## इजराइल और लेबनान में दस दिन के सीजफायर पर सहमति

ट्रंप बोले नेतन्याहू व जोसेफ से मेरी वार्ता हुई तो बनी सहमति
●
अमेरिका ईरान में वार्ता के लिए मुनीर अमेरिका जाएंगे

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल और लेबनान 10 दिन के सीजफायर पर राजी हो गए हैं। यह युद्धविराम भारतीय समयानुसार गुरुवार देर रात 2:30 बजे से लागू हो गया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की, जिसके बाद यह सहमति बनी। उन्होंने बताया कि वह नेतन्याहू और जोसेफ औन को वॉशिंगटन में बातचीत के लिए आमंत्रित करेंगे। वहीं, दूसरी ओर अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए प्रयास तेज हो गए है। वार्ता के लिए तेहरान में ईरानी अधिकारियों व पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बीच अहम बैठक हुई। मुनीर ईरान से अब अमेरिका जाएंगे। वहीं, पाकिस्तानी पीएम शहबाज कतर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। उधर, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ मिलकर बातचीत और ड्राफ्ट प्रस्ताव साझा कर रहे हैं। सीजफायर को बढ़ाया जा सकता है, हालांकि अमेरिका ने अभी औपचारिक सहमति नहीं दी है।

## काम को लेकर विवाद, फैक्टरी मालिक को मारी गोली, गंभीर

**गन्नौर (हरिभूमि न्यूज)।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक फैक्टरी में काम को लेकर हुए विवाद के बाद फैक्टरी मालिक को गोली मारने का मामला सामने आया है। घायल की पहचान 27 वर्षीय देव बंसल, निवासी सेक्टर-7 रोहिणी (दिल्ली) के रूप में हुई है, जिनकी फैक्टरी नंबर 668 में यूनिट है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ठेकेदार फैक्टरी के लिए लोडिंग-अनलोडिंग के मजदूर उपलब्ध करवाता है। इसी ठेकेदार के दो कर्मचारी काम के लिए फैक्टरी में पहुंचे थे, जिनके बीच किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर फैक्टरी मालिक देव बंसल ने दोनों को काम देने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि इसी रंजिश के चलते देर शाम बाइक सवार दो अज्ञात युवक फैक्टरी के बाहर पहुंचे। जब देव बंसल फैक्टरी से बाहर निकलकर अपनी कार में बैठ रहे थे, तभी हमलावरों ने उनके बाएं पैर की जांघ में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद घायल को उपचार के लिए सोनीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

■ फैक्टरी मालिक ने झगड़े के बाद काम नहीं दिया तो बाहर निकलते ही की वारदात

## अप्रैल में ही पारा 42 डिग्री पार, लू जैसे बने हालात

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा में अप्रैल महीने के मध्य में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। प्रदेश में महेंद्रगढ़ में सबसे अधिक 42 डिग्री तापमान रहा। फरीदाबाद में 41.6 डिग्री पारा दर्ज किया गया। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। बढ़ते तापमान के साथ ही गर्मी ने तेजी पकड़ ली है। रात के तापमान में भी वृद्धि हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि 17 और 18 को कमजोर पश्चिमी विक्षोभ से बारिश और बूंदाबांदी होने से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। 19 और 20 से मौसम साफ होने से गर्मी में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर अकासा एयर व स्पाइसजेट के विमान टकराए

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट का विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई। जानकारी के मुताबिक अकासा एयर की दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट नंबर क्यूपी1406 पार्किंग बे से पुशबैक कर रहा था, तभी लेह से दिल्ली आया स्पाइसजेट का बी737-700 विमान टेक्सी वे से गेट की तरफ बढ़ते समय उससे टकरा गया। हादसे में स्पाइसजेट विमान के राइट विंगलेट टूट गया। वहीं, अकासा के प्लेन के लेफ्ट होरिजोंटल स्टेबलाइजर को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद ग्राउंड क्रू ने तुरंत ही दोनों प्लेन के सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से निकाल लिया। घटना के बाद स्पाइसजेट और अकासा के प्लेन दिल्ली में ही ग्राउंड कर दिए गए हैं, यानी इन्हें अगली उड़ाने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। घटना की जांच की जा रही है।



### पार्किंग एरिया में हादसा दोनों प्लेन को नुकसान लेकिन यात्री सुरक्षित

दो माह में चौथी घटना

## कुरुक्षेत्र एनआईटी में अब छात्रा ने की आत्महत्या

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र में गुरुवार को एक और दुखद घटना सामने आई है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के गर्ल्स हॉस्टल की तीसरी मंजिल के कमरे में एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव पंखे पर लटका मिला। फरवरी से अप्रैल तक एनआईटी में सुसाइड करने की चौथी घटना हुई है। मृतक छात्रा की पहचान दीक्षा दुबे जिला बक्सर बिहार के रूप में हुई है। दीक्षा का परिवार बसौली गांव में रहता है। दीक्षा बीटेक द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रही थी। वह कावेरी होस्टल के कमरा नंबर 441 में रहती थी। सुसाइड की वजह स्पष्ट नहीं हुई। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। गत 8 अप्रैल को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के छात्रावास नंबर 8 के कमरा नंबर 352 में आधी रात को एक छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक की पहचान जिला सिरसा के गांव शेरपुर निवासी 22 वर्षीय प्रियांशु के रूप में हुई थी।

बीटेक द्वितीय वर्ष में पढ़ रही थी दीक्षा, पंखे पर लटका मिला शव

सर्वाधिक लिंगानुपात के लिए जिला प्रशासन से मिला पुरस्कार

महिला सशक्तिकरण को मिला बढ़ावा

## खुले आसमान की ऊंची उड़ान है बेटी...कैथल के ककहेड़ी गांव में 1000 लड़कों पर 2556 लड़कियां

नरेश पंवार ▶▶। कैथल

***खुले आसमान की ऊंची उड़ान है बेटी और हर मां-बाप का गर्व और सम्मान है बेटी को किया चरितार्थ***

बेटियों को आगे लाने व महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का असर गुरुवार को कैथल में देखने को मिला। लघु सचिवालय के सभागार में वर्ष 2025 में सर्वाधिक लिंगानुपात के लिए गांव ककहेड़ी को सम्मानित किया गया। एडीसी डॉ सुशील कुमार ने बताया कि 2024-25 में दसवीं की छात्रा कनिका को प्रथम आने पर 75 हजार रुपये, छात्रा कौशल्य देवी को द्वितीय स्थान आने पर 45 हजार रुपये तथा सिमरन जीत कौर को तृतीय स्थान आने पर 30 हजार रुपये दिए गए। एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि जिस तरह से गांव ककहेड़ी में लिंगानुपात सर्वाधिक हुआ है, उसी तरह जिला के ऐसे गांव जहां लिंगानुपात कम है, वहां सुधार लाएं।

*एक वर्ष में जिले में लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी बन रहा मार्गदर्शक*



कैथल। एडीसी सुशील कुमार ककहेड़ी की छात्राओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### कुल 64 बच्चों में 46 लड़कियां

सीएमओ डॉ. रेनू चावला ने बताया कि गांव ककहेड़ी में एक वर्ष में जन्मे कुल 64 बच्चों में 18 लड़के तथा 46 लड़कियां हैं। इस प्रकार से यह 1000 पुरुषों के पीछे 2556 का अनुपात बनता है। उन्होंने इसके लिए पूरी पंचायत तथा स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी। इसके अलावा गांव ककहेड़ी में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सरपंच, पंच, एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिए राजग के पक्ष में नहीं संख्या बल

## लोकसभा में राजग को 293 सदस्यों का समर्थन, 360 की आवश्यकता

**नई दिल्ली(भाषा)।** संसद में महिला आरक्षण विधेयक को दो-तिहाई बहुमत से पारित कराने के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास आवश्यक संख्याबल नहीं है। हालांकि अन्य दलों के समर्थन हासिल करने से या उनमें से कुछ के मतदान से अनुपस्थित होने पर विधेयक का जरूरी मतों के साथ पारित होना संभव है। लोकसभा में राजग को 293 सदस्यों का समर्थन है जो सदन का 54 प्रतिशत है, जबकि विपक्ष के पास 233 सांसद हैं। सात सांसद निर्दलीय हैं, जबकि सात सांसद वाईएसआरसीपी, एआईएमआईएम और शिरोमणि अकाली दल जैसे दलों से हैं, जिन्होंने अभी तक खुले रूप में विधेयकों का समर्थन नहीं किया है।

■ विधेयकों को लोकसभा की मंजूरी नहीं मिलती तो उसे राज्यसभा में नहीं लाया जाएगा

### यह है नियम

नियमों के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक सहित विधेयकों के समर्थन के लिए 360 सांसदों की आवश्यकता है, जो उपस्थित और मतदान करने वाले सांसदों की संख्या के दो-तिहाई के बराबर है। विधेयकों को लोकसभा से मंजूरी मिलने के लिए, समाजवादी पार्टी (37 सांसद), तृणमूल कांग्रेस (28 सांसद) या द्रमुक (22 सांसद) में से कम से कम दो मुख्य विपक्षी दलों को मतदान से अनुपस्थित रहना होगा। सदन में कांग्रेस के 98 सांसद हैं। लोकसभा में भाजपा के 240 सांसद, तेदेपा के 16 और जद (यू) के 12 सांसद हैं। यदि विधेयकों को लोकसभा की मंजूरी नहीं मिलती है, तो उन्हें राज्यसभा में नहीं लाया जाएगा।

## राज्यसभा में राजग के पक्ष में 141 सांसद, विपक्ष के 83 सांसद



### निर्दलीय सांसद डालेंगे असर

राज्यसभा में राजग के पक्ष में 141 सांसद हैं, जो सदन का 58 प्रतिशत है। वहीं विपक्ष के 83 सांसद हैं। बीआरएस, वाईएसआरसीपी, बीजद और बसपा जैसे दलों और निर्दलीय सांसदों के सदन में 20 सांसद हैं और उनके समर्थन से फैसले पर असर पड़ सकता है। राज्यसभा में भाजपा के 107 सदस्य हैं, जबकि कांग्रेस के 28, तृणमूल कांग्रेस के 13, आम आदमी पार्टी के 10 और द्रमुक के आठ सांसद हैं। सूत्रों के अनुसार, कई भाजपा सांसदों ने निजी तौर पर स्वीकार किया कि महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने के लिए उनके पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है।

## संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता

### दो-तिहाई बहुमत चाहिए

संविधान में संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है: कुल सदस्यों का बहुमत (50 प्रतिशत से अधिक) और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत। इसलिए, यदि लोकसभा में वर्तमान में मौजूद सभी 540 सदस्य उपस्थित हों और मतदान करें, तो दो-तिहाई बहुमत के लिए 360 मत चाहिए।

---

केंद्रीय गृहमंत्री ने संसद में विपक्ष की आशंकाओं को सिरे से खारिज करते हुए इसे बेबुनियाद बताया

अमित शाह बोले, मैं विस्तार से जवाब दूंगा


# दक्षिणी राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ेगी, परिसीमन को लेकर देशभर में फैलाया जा रहा भ्रम:शाह

## बशर्ते विपक्ष वॉकआउट न कर जाएं, केजी के बच्चों को जैसे समझाते हैं, वैसे समझा दूंगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने परिसीमन के कारण दक्षिण के राज्यों का प्रतिनिधित्व कम होने की विपक्ष की आशंकाओं को सिरे से खारिज करते हुए इसे बेबुनियाद करार दिया है। लोकसभा में बृहस्पतिवार को महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों की सीटों में कमी के आरोपों को खोखला बताते हुए जातीय जनगणना और परिसीमन पर भी स्थिति स्पष्ट की। शाह ने आश्वस्त किया कि 2029 में लोकसभा का चुनाव परिसीमन के बाद बढ़ी हुई सीटों और महिला आरक्षण के साथ होगा, उसके पहले सभी राज्यों में विधानसभा के चुनाव पुरानी सीटों पर ही होंगे।

शाह ने कहा कि बिल को पायलट करने वाले मंत्री के रूप में मैं सदन से अगर यह कह रहा हूं तो मैं पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु का आंकड़ा विशेष रूप से पेश करते हुए कहा कि इन पांच राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या 129 से बढ़कर 195 हो जाएगी जबकि प्रतिनिधित्व 23.76 से बढ़कर 23.87 होगा। ध्यान रहे कि दक्षिण के कुछ नेता यह प्रचारित कर रहे हैं कि परिसीमन से दक्षिण का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सदन में 543 सांसद हैं। कर्नाटक के करीब 15 फीसदी सांसद यहां आते हैं। संविधान संशोधन के बाद कर्नाटक के सांसदों की संख्या 28 से होकर 42 हो जाएगी। आंध्र प्रदेश की अभी 25 सीटें हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.60% है। उसकी सीटें हो



जाएंगी 38 और हिस्सेदारी 4.65 फीसदी हो जाएगी। तेलंगाना के सांसदों की मौजूदगी 3.13 फीसदी है, उनकी हिस्सेदारी 3.18 फीसदी है। मैं कह रहा हूं कि आपकी शक्ति कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ जाएगी। अभी तमिलनाडु की हिस्सेदारी है 7.18 फीसदी है, वह बढ़कर हो जाएगी 7.23 फीसदी। केरल की हिस्सेदारी 3.68 की जगह 3.67 फीसदी हो जाएगी।

ये जो दक्षिण का नैरेटिव है, 543 में से 129 सांसद दक्षिण के सांसद सदन में बैठते हैं। 23. 76 फीसदी उनकी हिस्सेदारी है। आगे 150 सांसद बैठेंगे और 23.97 फीसदी सांसद यहां बैठेंगे।अमित शाह ने 50 फीसद सीटें बढ़ाने का कोई आधार नहीं होने के विपक्ष के आरोपों को भी खारिज कर दिया। विपक्ष के कई सांसदों ने आरोप लगाया था कि सरकार ने मनमाने तरीके से 50 फीसद सीटें बढ़ाने का फैसला कर लिया है। शाह ने बताया कि 50 फीसद सीट बढ़ाने का फैसला सीधे महिला आरक्षण से जुड़ा हुआ है। आंकड़ों के साथ उन्होंने बताया कि यदि 100 सीटों वाली लोकसभा में सामान्य सीटों की संख्या कम किए बिना 33 फीसद आरक्षण का प्रविधान करना हो, तो उसकी सीटें 50 फीसद बढ़ानी होगी। ऐसे में 150 सीटों में 50 सीटें महिलाओं के आरक्षित होने के साथ ही सामान्य के लिए 100 सीटें बची रह जाएंगी। इसी फार्मूला पर लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों से बढ़ाकर 815 किया गया है। उन्होंने सीटों की उच्चतम सीमा को 850 किये जाने को मौजूदा व्यवस्था से जुड़ा बताया। शाह के अनुसार लोकसभा में अधिकतम सीटें 550 तय हैं, लेकिन मौजूदा सीटें 543 ही हैं। अमित शाह ने संविधान संशोधन पास होते ही राज्यों में बढ़ी हुई सीटों पर चुनाव होने की आशंकाओं को भी खारिज कर दिया। शाह ने कहा कि हमने परिसीमन आयोग कानून में कोई बदलाव नहीं किया है। जो कांग्रेस ने बनाया था वैसा ही है। यदि विपक्ष पहले परिसीमन आयोगका दुरुपयोग करती रही हो, तो भी वे इसका दुरूपयोग नहीं करने का आश्वासन देते हैं। अमित शाह ने महिला आरक्षण और परिसीमन के सहारे लोकतंत्र को खत्म करने के विपक्ष के आरोपों का तीखा प्रतिकार किया। शाह ने कहा कि किसी ताकत नहीं है, जो लोकतंत्र को खत्म कर सके। आपातकाल की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों को देश की जनता ने करारा जवाब दिया था। शाह ने कहा कि देश की 130 करोड़ जनता को भटकाया नहीं जा सकता है। उसका दिल जीतकर ही कोई सत्ता में आ सकता है। अमित शाह ने आगे कहा कि कुछ सदस्य कह रहे हैं कि सरकार जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती। मैं कह रहा हूं कि हम यह निर्णय कर चुकी है और जातीय जनगणना होकर रहेगी। एक भ्रांति फैलाई जा रही है कि जो जनगणना हो रही है, उसमें जाति का जिक्र नहीं है। अभी इमारतों की गिनती चल रही है तो जब इनकी जाति होगी तो इसकी भी गिनती कर ली जाएगी। अभी सिर्फ इंसानों की जाति होती है तो जब उनकी गिनती होगी तब हम जातीय जनगणना करेंगे। 850 का आंकड़ा ऐसे बना है कि अगर 33 फीसदी मातृशक्ति को आरक्षण देना है।

### भाजपा चुनाव में बम धमाके कराएगी: ममता

*कूच बिहार। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार के दिन्हाटा की चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने कहा उनकी (भाजपा की) योजना है कि वे एनआईए को बुलाएंगे, बम धमाका करेंगे और फिर इसका इल्जाम किसी और पर लगा देंगे। वे बाहर से कुछ लोगों को लाएंगे, आप पर आरोप लगाएंगे और कल ही उन लोगों को गिरफ्तार कर लेंगे।*



### बंगाल में घुसपैठियों का स्वागत करती हैं ममता

*कालचिनी/कूचबिहार । असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जहां उनके राज्य और त्रिपुरा में भाजपा सरकारें बांग्लादेश से घुसपैठ की अनुमति नहीं देती हैं, वहीं ममता बनर्जी बंगाल में उनका स्वागत करती हैं। असम की सीमा से लगे अलीपुरद्वार जिले में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, सरमा ने यह भी दावा किया कि तृणमूल सरकार पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने की अनुमति नहीं देती है।*



**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Ravleen Kaur
Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Ramphal son of Prabhu
Vs.
Paramveemta wife of Sh. Bhagat Singh
CNR No. HRRH02-001801-2025
Next Date:-27-05-2026
PUBLICATION ISSUED TO :
Beeran C/o Ramesh S/o Balbir
Arun C/o Ramesh S/o Balbir
Both R/o Village Chiri, Tehsil and District Rohtak
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 27-05-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district-Rohtak
Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 17-03-2026

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Karandeep
Civil Judge (Junior Division),
Surender Singh S/o Sh. Shamsher Singh
Vs.
Virender Singh S/o Sh. Shamsher Singh
CNR No. HRRH02-001993-2018
Next Date:-27-04-2026
A decree for declaration against the defts and favour of the plaintiff be passed by declaraing that the alleged
PUBLICATION ISSUED TO :
Smt Jyoti W/o Sunil Kumar S/o Omparkash :-
H.no.31-A/29 Chanakyapuri, Sonipat road Rohtak
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on 27-04-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district-Rohtak
Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 15-04-2026

### ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता को दिल का दौरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को दिल का दौरा पड़ा है और उनकी हालत बेहद ''नाजुक'' है। नरगिस मोहम्मदी फाउंडेशन ने बुधवार को 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के परिवार और वकीलों ने पिछले महीने जेल में उनसे दो बार मुलाकात की थी। बयान में कहा गया है कि मोहम्मदी की स्वास्थ्य स्थिति बेहद खराब है, वह कमजोर हो गई हैं और उनका वजन कम हो गया है। यह रिपोर्ट मोहम्मदी को 24 मार्च को जेल में दिल का दौरा पड़ने के बाद आई है। बयान में कहा गया है कि दिल का दौरा पड़ने के बाद मोहम्मदी एक घंटे से अधिक समय तक बेहोश रहीं और किसी ने भी उन्हें होश में लाने की कोशिश नहीं की। मोहम्मदी एक मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने 2023 में जेल में रहते हुए नोबेल शांति पुरस्कार जीता था। उन्हें दिसंबर में ईरान के शहर मशहद की यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था।


## मजबूत वैश्विक संकेतों से चांदी 1,700 रुपये चढ़ी, सोना टूटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसकी वजह लगातार मांग और मजबूत वैश्विक रुख था, जबकि निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर नजर रखे हुए थे। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 1,700 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत वाला सोना 200 रुपये टूटकर 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। बुधवार को, सोने की कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को सोने में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, जो मिले-जुले बाजार संकेतों को दिखाता है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास चल रही अस्थिरता ने डॉलर की सुरक्षित निवेश मांग को समर्थन दिया, जिसने कीमती धातु के लिए एक बड़ी रुकावट का काम किया। गांधी ने कहा कि डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में सुधार ने कीमती धातु में बढ़त को और कम कर दिया। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच नए राजनयिक जुड़ाव की उम्मीदों से कुल जोखिम धारणा में सुधार हुआ।



## तनिष्क ने नए कलेक्शन में प्राकृतिक जेमस्टोन आभूषणों को दी नई पहचान

**कोलकाता।** भारत का अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक हिस्सा, तनिष्क ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर लेकर आया है, प्राकृतिक रंगीन जेमस्टोन्स का जादू- पना नया और खास कलेक्शन 'ह्यूज़'। भारतीय ग्राहकों की जेमस्टोन्स के प्रति लगातार बढ़ती रूचि को देखते हुए, प्रस्तुत किया गया, 100 प्रतिशत प्राकृतिक जेमस्टोन्स से सजा यह कलेक्शन शुद्धता और बेहतरीन डिज़ाइन के प्रति तनिष्क की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आज की आधुनिक महिलाएँ अपनी एक अलग और खास पहचान चाहती हैं, और तनिष्क का यह अंदाज उनकी इसी पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। चाहे ऑफिस का डेली लुक हो या किसी खास फंक्शन की रौनक, ये जेमस्टोन्स आपके हर पल को खास बना देंगे। यह कलेक्शन भारतीय गर्मी के मौसम के रंगों और उसके खुलेपन से प्रेरित है। न रंगों और एहसास को आधुनिक और कलात्मक डिज़ाइनों में ढाला गया है।




MUNICIPAL COMMITTEE, KALANAUR नगरपालिका कलानौर
E-mail ID- secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in Off Tel. No. 01258-299022, 299422

**सार्वजनिक सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कलानौर अपनी कृषि योग्य भूमि के पट्टों को आगामी वर्ष 2026-27 व 2027-28 (02 वर्ष) के लिए कृषि कार्य हेतु पट्टे पर खुली बोली द्वारा देना चाहती है। इसके लिए दिनांक 22.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे का समय निर्धारित किया गया है। पट्टे पर दी जाने वाली भूमि/किला/खसरा नं०/रकबा व बाकी शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगरपालिका कलानौर कार्यालय में आकर देखी जा सकती हैं, जो भी व्यक्ति भूमि को पट्टे पर लेने का इच्छुक हो, निश्चित तिथि व समय पर नगरपालिका कलानौर के कार्यालय में उपस्थित होकर मौके का लाभ उठाए।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका कलानौर

### राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 93.23 प्रति डॉलर पर

**मुंबई (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे मजबूत होकर 93.23 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आयातकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कच्चे तेल की कीमतें 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहने से घरेलू मुद्रा में तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.29 पर खुला और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 93.16 के ऊपरी और 93.35 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 93.23 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त है।

### वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स टूटा

■ सेंसेक्स में 123 अंक की आई गिरावट, निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद हुआ। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया। ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत के बीच दोनों मानक सूचकांकों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई।

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, उत्तर रेलवे, अम्बाला कैंट भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है। निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदाकर्ता अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव नीचे दिए गए निर्धारित समापन समय और तारीख से पहले जमा कर सकते हैं। निविदा केवल ई-पोर्टल के माध्यम से स्वीकार की जाएगी। निविदा संख्या: **NR/Pr/UMB/EL/25240/G-1. कार्य का नाम:**- प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना/उत्तर रेलवे कॉम्प्लेक्स- अम्बाला कैंट, उत्तर रेलवे/परियोजना ऑफिसर रेस्ट हाउस-अंबाला कैंट, सीडीएमएस/परियोजना/उत्तर रेलवे, डिपो-कुरुक्षेत्र में विभिन्न कार्यालयों में सामान्य विद्युत कार्य के रखरखाव अनुबंध का कार्य और अंबाला कैंट में प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना/उत्तर रेलवे कॉम्प्लेक्स के कार्यालय में स्थापित 50 केवीए डीजी सेट में ईंधन की आपूर्ति और उसके भरने सहित रखरखाव और संचालन दो साल की अवधि के लिए।

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 3576251.00 | 71600/- | 24 | Nil | 15.05.2026 at 15:00 Hrs | 15.05.2026 at 15:30 Hrs |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत (टीडीसी) का भुगतान केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। उल्लिखित के अलावा भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार्य नहीं होगा और ऐसे प्रस्ताव को बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत (टीडीसी) के बिना अमान्य माना जाएगा। अन्य सभी नियम एवं शर्तें रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से देखी और डाउनलोड की जा सकती है
निविदा सूचना क्रमांक: NR/Pr/UMB/EL/Advt./01 दिनांक: 16.04.2026 1260/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### शब्द पहेली - 6198




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6197 का हल**





## खबर संक्षेप

### मामा के घर आई सात वर्षीय बच्ची को पंजाब रोडवेज की बस ने कुचला

**कैथल।** जिले के गांव सांघन में पंजाब रोडवेज बस की चपेट में आने से 7 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। बच्ची पंजाब से अपने मामा के घर आई थी। मामा की शिकायत पर कैथल सदर थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सांघन निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उसकी 7 साल की भांजी नूर अपनी मां के साथ 14 अप्रैल को हमारे पास आई थी। बुधवार सुबह करीब 9 बजे नूर पैदल शिव शिक्षा निकेतन स्कूल की ओर जा रही थी। इसी दौरान नंद सिंह वाला की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार पीआरटीसी बस चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही नूर सड़क किनारे जा गिरी और उसके सिर में गंभीर चोट आई।

### गेहूं की टंकी में दवा डालने के बाद महिला सरपंच की मौत

**जींद।** गांव मांडी की सरपंच की बुधवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। गांव मांडी निवासी रेणु (26) गांव की मौजूदा सरपंच थी। मृतका के पिता शमशेर ने पुलिस को बताया कि रेणु अविवाहित थी। देर शाम को रेणु ने अनाज की टंकी को खाली किया था, जिसके बाद उसमें नया अनाज भी भर दिया गया। अनाज को सुरक्षित रखने के टंकी में दवाई डाली गई थी। उस समय सबकुछ ठीक था। देर रात को रेणु की अचानक तबियत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि उसी दवा के प्रभाव में आने से रेणु की मौत हुई है। अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि गेहूं की टंकी में जो दवाई डाली गई थी, उसके प्रभाव मे आने से सरपंच की मौत हुई है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्व-गणना कर प्रथम चरण की शुरुआत की, 30 अप्रैल तक चलेगी प्रक्रिया

# स्व-गणना का डाटा पूरी तरह गोपनीय, विकास की दिशा तय करेगा : सीएम

**1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए कहा कि जनगणना एक निश्चित अवधि के बाद होने वाली महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसका डाटा पूरी तरह सरल, सुरक्षित और गोपनीय होता है। यह डाटा विभिन्न वर्गों के लिए योजनाएं बनाने तथा भविष्य के विकास की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाता है।

मुख्यमंत्री स्व-गणना करने के उपरांत आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 का शीर्ष वाक्य "हमारी जनगणना, हमारा विकास" है, जो इस अभियान के महत्व को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनगणना और



चंडीगढ़। स्व–गणना अभियान का शुभारंभ करते सीएम नायब सिंह सैनी।

परिसीमन दो अलग-अलग विषय हैं। परिसीमन का कार्य लंबी अवधि के बाद किया जाता है और यह किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि सार्वजनिक महत्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में भी जनगणना का डाटा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, इसलिए सभी राजनीतिक दलों को इसमें सार्थक सहयोग देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया आज से 30 अप्रैल, 2026 तक चलेगी, जबकि 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव और जनगणना 2027 की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, जनगणना विभाग हरियाणा निदेशक ललित जैन, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक वर्षा खांगवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कुल 33 कॉलम की मांगी जा रही जानकारी

स्व-गणना के लिए पोर्टल: se.census.gov.in खोलें। इसके खोलने के बाद अपने मोबाइल नंबर से लॉगइन करें। आपको लगभग 33 कॉलम भरने होंगे। इसमें बेहद सरल जानकारी मांगी गई है। मसलन परिवार के कुल सदस्य, वाहन, एलपीजी, शौचालय आदि की जानकारी ली जा रही है ताकि सरकारी योजनाओं को बनाने में सटीक डाटा हासिल हो सके।

## नकली सोना बेचने वाले गिरोह से 2.30 करोड़ कैश व 68 तोले सोना बरामद

# मजदूर बनकर खुदाई में मिले सिक्के बताते चेक असली करवाते, बाद में नकली थमाते

- हीरो आदित्य पंचोली समेत कई अमीरों को फांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जमीन की खुदाई में मिला सोना बता सस्ते दामों में बेचने का झांसा देकर ठगने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मास्टर माइंड समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से करीब 2.30 करोड़ रुपये से ज्यादा नगदी और 678 ग्राम सोना बरामद किया है।

डीसीपी क्राइम हितेश यादव ने बताया कि आरोपी गैंग के लोग मजदूर बनकर घूमते और अपने साथ कुछ असली सोने-चांदी के सिक्के रखते थे। ये अमीर लोगों को सिक्के दिखाकर कहते कि यह उन्हें जमीन की खुदाई में मिले हैं। आप इन्हें चेक करवा लो। चेक करवाने के लिए वे असली सिक्के के ही टुकड़े देते थे। फिर उनका विश्वास जीत लेने के बाद 25-30 लाख रुपये किलो के भाव में पीतल के सिक्के देकर ठगी की वारदात को अंजाम देते। यह गैंग इतना शातिर है कि इन्होंने बॉलीवुड स्टार आदित्य पंचोली को भी चपत लगाई है। सलमान खान के पिता सलीम खान के पीए को भी ठगा है।

**एक्सपोर्टर ने ब्याज पर पैसे लेकर खरीदा नकली सोना :** एक अप्रैल को गुरुग्राम निवासी एक्सपोर्टर ने थाना सुशांत लोक में शिकायत दर्ज करवाई कि 13 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे सस्ते दाम में सोने व चांदी के सिक्के बेचने का लालच दिया। उसके द्वारा दो बार दिए सिक्के चेक करवाने पर असली मिले तो वह झांसे में आ गया। आरोपी ने दो मार्च 2026 को उसके घर सुशांत लोक से लगभग 2.49 करोड़ रुपये नकद और करीब 50 तोला सोना ले लिया और बदले में नकली सिक्के दे दिए। एक्सपोर्टर ने सभी पैसे ब्याज पर किसी से लिए थे। जांच करते हुए क्राइम ब्रांच-43 ने गुजरात में दबिश देकर मास्टर माइंड समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान सोलंकी प्रभु भाई निवासी वडोदरा, पंकज शर्मा निवासी निहाल विहार (दिल्ली), मनीष कमलेश शाह निवासी करेली बाग जिला वडोदरा और ईश्वर मारवाड़ी निवासी वडोदरा, गुजरात के रूप में हुई है। मास्टरमाइंड के साथ पंकज शर्मा को गुरुग्राम वहीं आरोपी मनीष कमलेश शाह व आरोपी ईश्वर मारवाड़ी को गुजरात से गिरफ्तार किया गया है।

### ठगी के पैसों से गुजराती फिल्म बनाई



गैंग का सरगना प्रभु भाई पिछले 25 सालों से ठगी का काम करता आ रहा है। इसमें ज्यादातर वारदात मुंबई व गुजरात की हैं। ठगी के पैसों से आरोपी ने एक होटल पीएम भी खरीद रखा है, जो दिल्ली मुंबई रोड पर करजन लकोदरा में स्थित है। करीब 15 साल पहले बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली से भी 25 लाख व सलमान खान के पिता सलीम ख़ान के पीए से 20 लाख रुपये ठग चुका है। डीसीपी क्राइम हितेश यादव ने बताया कि ठगी के पैसे की बदौलत आरोपी प्रभु ने चार शादियां कर रखी हैं और एक "लव यू" नाम की गुजराती फिल्म भी बना चुका है। प्रभुभाई गुजरात नगर पालिका पार्षद चुनाव मे अपनी बीवी पार्वती सोलंकी को टिकट दिला कर नामाकंन भरवा कर राजनीति मे अपना वर्चस्व जमाना चाहता था।

### 10वीं का रिजल्ट खराब आने पर छात्रा ने किया सुसाइड

**नारनौल।** सीबीएससी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा का परिणाम आने के बाद एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। माना जा रहा है कि रिजल्ट की वजह से यह कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार, कोजिंदा निवासी करीब 16 वर्षीय छात्रा शहर के नजदीक एक निजी स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। बुधवार शाम को उसका दसवीं की परीक्षा का रिजल्ट आया था। रिजल्ट में वह मैथ, साइंस व सोशल साइंस में फेल हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को शाम तक सब सामान्य था तथा उसे परिजनों ने भी कुछ नहीं कहा था। गुरुवार सुबह लड़की ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजनों को जब पता चला तो उन्होंने उसको इलाज के लिए नागरिक अस्पताल भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसको एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां से भी रेफर कर दिया। जब परिजन उसे जयपुर ले जा रहे थे, तब रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## लाडवा में दो बदमाशों ने डेढ़ दर्जन राउंड फायर किए

# कॉलेज संचालक के घर फायरिंग, पर्ची फेंकी

- पुलिस की कई टीमों ने मौके पर आकर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा में बुधवार मध्यरात्रि को बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने एक व्यापारी के घर पर अंधाधुंध फायरिंग कर शहर में दहशत फैला दी। फायरिंग की सूचना मिलते ही कॉलोनी में हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही की उस समय व्यापारी का परिवार घर पर नहीं था। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, बुधवार मध्यरात्रि बाइक पर सवार लाडवा-रादौर मार्ग पर माता बाला सुंदरी मंदिर के सामने अग्रवाल कॉलोनी में स्थित व्यापारी रजनीश बंसल के घर के बाहर फायरिंग हुई है। घर में उस समय उनका नौकर ओमप्रकाश था। बताया जाता है कि व्यापारी रजनीश अपने परिवार के साथ चंडीगढ़-पंचकूला रहते हैं और कभी-कभी लाडवा भी आते रहते हैं। रजनीश बंसल का हिमाचल प्रदेश के कालाअंब के पास एक कॉलेज भी है। बदमाशों ने घर पर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक राउंड फायरिंग की। फायरिंग के बाद घर के शीशे भी टूट गए है। उस समय डर के मारे ओमप्रकाश घर से बाहर नहीं आया। जाते-जाते घर में एक पर्ची भी छोड़कर गए, जिसके बारे में पुलिस अभी कुछ नहीं बता रही है। घटना की सूचना मिलते ही लाडवा डीएसपी निर्मल सिंह, थानाध्यक्ष गुरनाम सिंह सहित सीआईए की तीनों टीमें मौके पर पहुंची।

### कैमरे खंगाल रहे

डीएसपी निर्मल कुमार ने बताया कि हमलावरों को पकड़ने के लिए लाडवा, कुरुक्षेत्र, शाहाबाद व रादौर पुलिस की करीब आधा दर्जन से अधिक टीमें आरोपियों को पकड़ने में लगी हुई है। सभी टीमें अपने-अपने क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन स्वयं इस मामले को लेकर गंभीर है और एक-एक मिनट की रिपोर्ट ले रहे हैं।

## पांच भैंस मरने से तनाव में थे बुजुर्ग विजय सिंह

# बुजुर्ग ने बेटे का सिर फोड़ा, खुद अवैध पिस्तौल से गोली मारकर किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गोहाना से सटे गांव गढ़ी उजाले खां में वीरवार को विजय सिंह पुत्र मदन सिंह (62) ने अपनी डेयरी में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

मृतक के बेटे अमन के अनुसार उसके पिता पिछले करीब दो महीने से तनाव में चल रहे थे। उनकी पांच भैंस मर गई थीं। सुबह वह टहलने के बाद घर लौट रहा था, तभी रास्ते में उसके पिता मिले जो सामान्य हालत में थे। उसने अपनी बाइक उन्हें दे दी और खुद घर आ गया। अमन ने बताया कि कुछ देर बाद विजय सिंह घर पहुंचे और उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर पर चोटें आईं और वह इलाज के लिए अस्पताल चला गया।

इसी बीच जानकारी मिली कि विजय सिंह खेतों में बनी अपनी भैंसों की डेयरी में पहुंचे और वहीं खुद को अवैध पिस्तौल से गोली मार ली। मृतक अपने पीछे पांच बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। अब साक्ष्यों के आधार पर पुलिस विभिन्न पहलुओं को लेकर जांच कर रही है।

### भैंसों के चारे में किसी ने मिला दिया था जहर, चोरी भी हुई



मृतक का बेटा अमन।

अमन ने बताया कि उनकी डेयरी में कुछ दिन पहले किसी ने चारे में जहर मिला दिया था, जिससे उनकी पांच भैंसों की मौत हो गई थी। इसके बाद डेयरी में चोरी की घटना भी हुई, जिससे वे बेहद परेशान रहने लगे थे। आशंका जताई जा रही है कि शायद इसी वजह से बुजुर्ग ने यह खौफनाक कदम न उठाया है। सारी तस्वीर पुलिस जांच के सामने ही साफ हो पाएगी।

### अवैध पिस्तौल कहां से आई

मृतक विजय के बेटे अमन के अनुसार उसे यह जानकारी नहीं है कि पिता के पास देसी पिस्तौल कहां से आई। अब पुलिस यह भी पता कर रही है कि यह पिस्तौल किससे खरीदी गई या फिर ली गई।

### चार करोड़ की साइबर ठगी में दो बैंक कर्मी गिरफ्तार

फरीदाबाद। साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 4 करोड़ की ठगी के एक मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान शुभम निवासी मध्य प्रदेश हाल पंचवटी कॉलोनी समालखा व कमल कांत निवासी राकसेड़ा जिला पानीपत हाल नरेला दिल्ली के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार, 21 अक्टूबर 2025 को शिकायतकर्ता को झांसे में लेकर शेयर मार्केट में चार करोड़ रुपये निवेश करवाए गए, परंतु उसे कोई पैसा वापस नही मिला। पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी पानीपत में एक्सिस बैंक में कार्यरत हैं। जिन्होंने खाताधारक मोनू व सागर के बैंक खाते खुलवाए थे, जिनमें ठगी के 10-10 लाख रुपये का आए थे। जिनको अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### नकली हार्पिक की वर्कशॉप पकड़ी, एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एवीटीएस-2 की टीम ने थाना डबुआ क्षेत्र के गांव नवादा में छापा मारकर हार्पिक की नकल बनाने वाली एक वर्कशॉप का भंडाफोड़ किया है। टीम ने 15 अप्रैल को छापेमारी की और मौके पर सुरजीत सिंह निवासी मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल निवासी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया। यहां से कंपनी के प्रोडक्ट हार्पिक की 500 एमएल की 816 भरी बोतल, 250 खाली बोतल, 316 लेबल, स्टीकर, 40 लीटर कच्चे माल से भरा केन, नकली उत्पाद बनाने में प्रयुक्त मशीन, गत्ता पेटियां व अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

## कार्रवाई | नारनौल में 7 हजार रुपये रिश्वत के आरोप में पटवारी काबू

# रिश्वत के रुपये झाड़ी में फेंककर भागा पकड़े जाने पर हाथ धुलवाए तो हुए लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए चकबंदी के एक पटवारी को 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित पटवारी की पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई है, जो जमीन का अमल चढ़ाने की एवज में रिश्वत मांग रहा था।

जानकारी के अनुसार, पुरानी मंडी निवासी ओपी मेहता ने एसीबी को लिखित शिकायत दी थी, जिसमें उसने बताया कि वह अपनी जमीन का अमल (इंतकाल/दाखिल) चढ़वाने के लिए चकबंदी विभाग के पटवारी प्रदीप से मिला। पटवारी ने उससे



नारनौल। एसीबी की गिरफ्त में रिश्वत लेने का आरोपी पटवारी।

10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की, जिस पर पटवारी को आज वीरवार सवेरे ही 3 हजार रुपये दे दिए थे। बाकी के 7 हजार रुपये शाम को लाने के लिए कहा था। इस पर पीड़ित ने एसीबी से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट महेंद्रगढ़ के बीडीपीओ मनोज कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई शुरू की। एसीबी की टीम शाम को करीब चार बजे नई कचहरी मैदान स्थित चकबंदी कार्यालय पहुंची और जैसे ही शिकायतकर्ता का रुपये देने उपरांत इशारा मिला, पटवारी पर धावा बोल दिया गया।

इसको पटवारी भांप गया और वहां से भागने लगा, जबकि लिए गए रुपयों को वहीं झाड़ियों में फेंक दिया, लेकिन अलर्ट एसीबी टीम ने पटवारी को वहीं तुरंत ही मौके पर काबू कर लिया तथा उससे झाड़ियों में फेंके गए नोट भी उठावाए और उसे अपने कार्यालय ले आई। पटवारी के हाथ धुलवाने पर वह लाल हो गए। जबकि यह वही नोट थे, जो बीडीपीओ ने हस्ताक्षरित किए थे। इन नोटों में 500 के 14 नोट, यानी 7 हजार रुपये थे। इससे पहले तीन हजार रुपये लिए थे, वह भी पांच सौ के छह नोट थे।


गृह मंत्रालय भारत सरकार

हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0020/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

## चिंतन

# महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें सभी दल

भारतीय लोकतंत्र में लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण को लेकर आया "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" केवल एक विधायी पहल नहीं, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। दशकों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% महिला आरक्षण का रास्ता खोलता है। ऐसे समय में जब संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित रही है, यह पहल लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधिक और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। ऐसे में सभी विपक्षी दलों को चाहिए कि वे महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें और इस बिल का समर्थन करें। हालांकि तेलंगाना, तमिलनाडु समेत दक्षिण के कुछ राज्य इसके विरोध में हैं, लेकिन इस ऐतिहासिक पहल के साथ एक कड़वी सच्चाई भी सामने आई है। वह विपक्षी दलों में श्रेय लेने की होड़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से यह कहकर कि "आप श्रेय ले लीजिए, लेकिन महिला हित में समर्थन दीजिए", एक तरह से उस राजनीतिक मानसिकता को उजागर किया है, जहां मुद्दे से ज्यादा महत्व श्रेय को दिया जाता है। सवाल यह है कि क्या देश की आधी आबादी के अधिकार भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की भेंट चढ़ेंगे? यह विधेयक केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं है। आज संसद में महिलाओं की भागीदारी लगभग 14-15 प्रतिशत के आसपास है, जो लोकतांत्रिक संतुलन के लिहाज से अपर्याप्त है। ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएगा और निर्णयों को अधिक संवेदनशील तथा समावेशी बनाएगा। यह 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला-नेतृत्व विकास' की दिशा में एक वैचारिक बदलाव भी है। फिर भी, इस पहल के साथ कुछ गंभीर सवाल जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ी चिंता इसका कार्यान्वयन है, जिसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ दिया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि यह कानून 2029 तक ही प्रभावी हो पाएगा। क्या यह देरी अनिवार्य है या राजनीतिक सुविधा का परिणाम? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इतिहास गवाह है कि कई बार अच्छे कानून भी लागू होने में वर्षों की देरी के कारण अपना प्रभाव खो देते हैं। इसके अलावा, सीटों के रोटेशन की व्यवस्था भी एक जटिल मुद्दा है। लगातार बदलती सीटें महिला प्रतिनिधियों के लिए स्थिर राजनीतिक आधार तैयार करने में बाधा बन सकती हैं। लोकतंत्र में निरंतरता और अनुभव का महत्व कम नहीं आंका जा सकता, इसलिए इस व्यवस्था पर गंभीरता से पुनर्विचार आवश्यक है। विपक्ष द्वारा उठाया गया एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है ओबीसी महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का अभाव। यदि महिला आरक्षण का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचता, तो यह सशक्तिकरण अधूरा रह जाएगा। इसलिए यह जरूरी है कि इस कानून के क्रियान्वयन में सामाजिक न्याय के व्यापक पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाए। आज जरूरत इस बात की है कि सभी दल इस मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठें। यह केवल सत्ता या विपक्ष का सवाल नहीं, बल्कि समाज के संतुलित विकास का प्रश्न है। महिला सशक्तिकरण को यदि सच में राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना है, तो इसे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से अलग रखना होगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक अवसर है भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने का, लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होगा, जब इसे ईमानदारी से लागू किया जाए और राजनीतिक दल इसके पीछे छिपे व्यापक उद्देश्य को समझें।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम

आरती सिंह राव



# महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' एक युगांतरकारी पहल के रूप में सामने आया है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करता है, जो केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि नीति निर्माण को अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। इसका उद्देश्य महिलाओं को "नीति के लाभार्थी" से "नीति निर्माता" बनने का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे देश के विकास की आधारशिला में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अधिनियम के लागू होने से शासन की प्राथमिकताओं में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। जब निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, जल और स्वच्छता जैसे विषय अधिक प्राथमिकता प्राप्त करते हैं। स्थानीय निकायों में महिलाओं के आरक्षण के सकारात्मक अनुभव पहले ही यह साबित कर चुके हैं कि महिला नेतृत्व से नीतियां अधिक जन-केंद्रित और प्रभावी बनती हैं। अब यही प्रभाव संसद और विधानसभाओं में भी दिखाई देगा, जिससे विकास की दिशा अधिक संतुलित और समावेशी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों ने इस परिवर्तन की मजबूत नींव रखी है। 22 जनवरी, 2015 को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत की गई थी, इस अभियान से सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाया है और लड़कियों की शिक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत करोड़ों खातों के माध्यम से बेटियों के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा मिली है। उच्च शिक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस बदलाव का स्पष्ट संकेत देती है। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को पोषण सहायता मिल रही है, जबकि पोषण 2.0 के तहत लाखों आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए करोड़ों लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। इन प्रयासों का परिणाम मातृ-मृत्यु दर में कमी के रूप में सामने आया है, जो महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है। नरेन्द्र मोदी भारत में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। नेशनल हेल्थ मिशन के तहत कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें जननी सुरक्षा योजना एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। इसी प्रकार, 'जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम' के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह निःशुल्क सेवाएं दी जाती हैं, जिनमें दवाइयां, जांच, भोजन, रक्त की सुविधा और परिवहन शामिल हैं, जिससे इलाज पर होने वाला खर्च पूरी तरह समाप्त हो जाता है। 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल प्रदान करने पर केंद्रित है। ये सभी योजनाएं मिलकर देश में मातृ स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने और महिलाओं को समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। देशभर में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिसका मुख्य कारण एचपीवी के उच्च-जोखिम प्रकारों से होने वाला संक्रमण है। वैश्विक स्तर पर सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की रणनीति के तहत एचपीवी टीकाकरण को एक मजबूत स्तम्भ माना गया है। लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2030 तक 15 वर्ष की आयु तक कम से कम 90 प्रतिशत लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन दी जाए। इन सभी प्रयासों ने मिलकर एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिस पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी तो वे न केवल मौजूदा योजनाओं को और प्रभावी बनाएंगी, बल्कि नई नीतियों के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इससे शासन अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और संवेदनशील बनेगा। अंततः, यह अधिनियम केवल एक संवैधानिक प्रावधान नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। महिला नेतृत्व के बढ़ने से विकास की प्रक्रिया अधिक समावेशी, संतुलित और टिकाऊ बनेगी। यह पहल आने वाले समय में भारत के लोकतंत्र और विकास मॉडल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

( लेखिका हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## संसद सत्र

डॉ. सतीश पूनियां

यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

# महिला आरक्षणः नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति

संसद का यह विशेष सत्र भारतीय संसद के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

इसके लिए महिला आधारित अनेक योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। महिलाओं को राजनीतिक तौर पर सशक्त करने की उसी मंशा के अनुरूप मोदी सरकार विधानसभा और संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से महिला आरक्षण के प्रावधान को शीघ्र लागू करने की दिशा में पहल की है। भारत पुरातन प्रवाह का राष्ट्र है। एक विशिष्ट इतिहास, संस्कृति और विरासत के कारण विश्व में एक पहचान वाला राष्ट्र है। जहां भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भिन्नताएं होते हुए भी 'अनेकता में एकता' ऐसा दृश्य परिलक्षित होता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत आधुनिक युग में लोकतांत्रिक व्यवस्था की अक्षुण्णता के लिए भी माना जाता है। आज विश्व के मानचित्र पर भारत की एक आत्मनिर्भर स्वाभिमानी राष्ट्र की पहचान है। भारत के लोकतंत्र को दृढ़ता भारत के संविधान ने दी है जो एक वैशिष्ट्य लिए हुए है, जिसमें नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों में बखूबी उल्लेख किया गया है। भारत के संविधान में प्रदत समानता के अधिकारों ने इसे और पुष्ट किया है, इसलिए लैंगिक समानता के अवसर सुनिश्चित करने के लिए यह उत्कंठा हमेशा रही है कि गार्गी, मैत्रेयी के पुरातन परंपरा के देश में महिलाओं यानि आधी आबादी को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले ताकि शासन में, निर्णयों में भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही नारी के उत्थान और उत्कर्ष में पूर्वक अपना योगदान दे सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं को उनका वांछित अधिकार दिलाने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और उसके नेतृत्व की महिलाओं के प्रति संवेदनशील नीति का ही आईना है। भारतीय जनसंघ और भाजपा के वैचारिक स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत में समाज को एक जीवंत इकाई के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार, समाज के प्रत्येक अंग का सशक्त होना आवश्यक है और नारी इसमें केंद्रीय भूमिका निभाती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुरुष और स्त्री परस्पर पूरक हैं। किसी एक की उपेक्षा राष्ट्र को कमजोर बना देती है। यह दर्शन आज मोदी सरकार की नीतियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां महिला सशक्तिकरण को केवल सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनरुत्थान का आधार माना गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की




भागीदारी को हमेशा प्राथमिकता दी। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक लाने का साहसिक प्रयास किया, भले ही वह उस समय राजनीतिक बाधाओं के कारण सफल नहीं हो सका। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनधन योजना शुरू हुई तो देश की 32 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते खुले। आज देश की बेटियां नए-नए बिजनेस में अपनी पहचान बना रही हैं। मुद्रा योजना में 60% से ज्यादा लोन महिलाओं ने लिए हैं। देश की स्टार्टअप क्रांति को भी महिलाएं लीड कर रही हैं। आज 42% से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर है। यह हमारे लिए, देश के लिए और देश की आधी आबादी के लिए गौरव की बात है कि इस समय हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री जैसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। साल 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब भी सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसे पास कराया था। तब एक सुर में ये बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए। खासकर, हमारे विपक्ष के सभी साथियों ने मुखर होकर इस बात पर जोर डाला था कि 2029 में ये लागू हो जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने उसी संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिला सशक्तिकरण को लेकर जो ठोस कदम उठाए गए हैं, उन्होंने समाज की संरचना को बदलने का कार्य किया है। फिर चाहे वह सम्मानजनक जीवन जीने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण की बात हो, या फिर 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का प्रयास हो। यह योजनाएं केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मसम्मानी बनाने के साधन हैं। आर्थिक सशक्तिकरण के मोर्चे पर भी मोदी सरकार लगातार महिलाओं के लिए कार्य कर रही हैं। जन-धन खातों, स्वयं सहायता समूहों और मुद्रा योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। आज ग्रामीण भारत में लाखों महिलाएं उद्यमिता की ओर अग्रसर हैं। लखपति दीदी के माध्यम से मोदी सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता में आगे बढ़ाने का काम किया है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान के माध्यम से महिलाओं के प्रति समाज की सोच में क्रांतिकारी बदलाव लाने में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व काम किया। इस अभियान से निश्चित रूप से सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन आया है। इसका परिणाम भी हमें पिछले दस-ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिला है। खेल, विज्ञान, शिक्षा, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में देश की महिलाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बाद पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण तो मिला, लेकिन लंबे समय तक 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां इस व्यवस्था को कमजोर करती रहीं।

मोदी सरकार ने 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के माध्यम से इस प्रवृत्ति को चुनौती दी है। सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान जैसी महत्वपूर्ण पहल से पूरे देश में पंचायती राज संस्थाओं की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त किया गया। 4 मार्च 2025 को नई दिल्ली में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' का शुभारंभ किया गया। वर्षों की जड़ता और संघर्ष तथा विमर्श के बाद मोदी सरकार में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक उल्लेखनीय, ऐतिहासिक एवं स्तुत्य कदम है। 2029 तक संसद और विधानसभाओं में में 33% महिला प्रतिनिधित्व का लक्ष्य भारत को न केवल एक आर्थिक शक्ति, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेगा।

( लेखक भाजपा हरियाणा प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित

## दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

# कोयला और चंदन



संकलित

## प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बच्चों की परीक्षाएं और क्रिकेट का उन्माद**

हद होती है हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है न कि भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने ही अधिक महत्वपूर्ण हैं! आईपीएल तो हर साल ही होता है, और इस बार ये 'टी-20 वर्ल्ड कप' का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चलता रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे भारत के सभी स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते हैं। ऐसे में देश के हर शहर, कालोनी, नुक्कड़, गली-मोहल्ले, गांव-देहात में घर-बाहर क्रिकेट का ये सर्वथा गैर-जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बने रहते हैं।

*- सुषमा राजपूत, रोहतक*

## करंट अफेयर

# लंदन में भारतीय उच्चायोग ने आंबेडकर की जयंती मनाई

लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने पुष्पांजलि अर्पित कर 'भारत रत्न' डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 136वीं जयंती मनाई और समानता के बाबासाहेब के संदेश पर विचार साझा किया। बुधवार शाम को 'इंडिया हाउस' के आंबेडकर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 'फेडरेशन ऑफ अंबेडकराइट एंड बुद्धिस्ट ऑर्गेनाइजेशन्स' (एफएबीओ) ब्रिटेन के सदस्यों, छात्रों और समुदाय के नेताओं द्वारा भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता के दूरगामी सामाजिक-आर्थिक योगदान की प्रशंसा में काव्यात्मक प्रस्तुतियों से माहौल जीवंत हो उठा। इस मौके पर आंबेडकर के जीवन और करियर की कई प्रमुख घटनाओं को शामिल करते हुए एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें



लंदन में विधि छात्र के रूप में बिताये गए उनके समय को भी प्रदर्शित किया गया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'आंबेडकर का यह संदेश कि लोकतंत्र का सार इस विचार में निहित है कि हम सभी लोगों के साथ समान व्यवहार करें, एक आधुनिक राष्ट्र के लिए काफी महत्व रखता है।' उन्होंने कहा, और बेशक, यह एक ऐसी यात्रा है जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अब भी जारी है। हम लगातार असमानता और लैंगिक एवं सामाजिक आधार पर हिंसा के दौर में जी रहे हैं।

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग

जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा - और यहां तक कि उसकी



आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

## ट्रेंड

### उत्तर प्रदेश में अब शांति



आज उत्तर प्रदेश में कोई अशांति नहीं है, सड़कों पर नमाज़ नहीं पढ़ी जा रही है, मस्जिदों से माइक्रोफोन की आवाज़ नहीं आ रही है, कोई गोहत्या नहीं हो रही है, न ही लव जिहाद की कोई घटना घट रही है।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### टीएमसी की धारणा



असम में दस साल से भाजपा की सरकार है, लेकिन वहां के लोग मांसाहारी भोजन खाते हैं। तो फिर टीएमसी बंगाल में यह गलत धारणा क्यों फैला रही है कि भाजपा बंगाल में मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगा देगी ?

- **हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### परिसीमन पर छल



हम महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करते हैं, लेकिन इस सरकार द्वारा इसे पेश करने का तरीका राजनीतिक रूप से प्रेरित है। हमारी मांग है कि इस संशोधन को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय इसे लागू करें। दूसरा, सरकार परिसीमन पर छल कर रही है।

- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### कच्चे तेल की कीमतें



आरबीआई के पूर्वानुमानों के आधार पर, लगता है कि कच्चे तेल की कीमतों में आए अचानक उछाल के शांत होने के बाद ही ब्याज दरों में वृद्धि शुरू होगी। हालांकि, चिंता की बात यह है कि तब तक, जीएसटी युक्तिकरण के माध्यम से हासिल किया गया मूल्य सुधार बेअसर हो सकता है।

- **स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी**

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 0 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



विराट कोहली — 228 रन — बेंगलुर

प्रसिद्ध कृष्णा — 10 विकेट — गुजरात

## खबर संक्षेप



### अर्जुन व आदित्य ने यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह ने आदित्य सिंह की भारतीय जोड़ी ने फ्लोरिडा के नेपल्स में चल रही यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जे मेओडे और डब्ल्यू लिन को 9-11, 11-2, 11-7 से हराकर पुरुष युगल 5.0 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ की जोड़ी ने 4.5 पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में कैयन एप्पल और माइकल वैन ड्यूसेन से 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन और आदित्य ने कहा, ''यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीतना बेहद संतोषजनक है। हमने फिर से मिलकर यह खिताब जीता है जिससे यह और खास बन जाता है।

### शुभंकर ने 64 का कार्ड खेला बोल्डर्स खिताब जीतने के करीब

**हैदराबाद।** शीर्ष पर चल रहे शुभंकर शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के शुरूआती बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ




टूर्नामेंट के तीसरे दौर में आठ अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलकर सात शॉट की विशाल बढ़त हासिल की। दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता 29 वर्षीय शुभंकर (66, 66, 64) का कुल स्कोर 20 अंडर 196 हो गया है। उन्होंने तीसरे दौर में नौ बर्डी लगाई और महज एक बोगी की। दिल्ली के राशिद खान, चंडीगढ़ के अंगद चीमा और विशेष शर्मा 13 अंडर 203 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### युद्ध के बावजूद ईरान फीफा विश्व कप में भाग लेगा

**वाशिंगटन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि अमेरिका के साथ युद्ध के बावजूद ईरान विश्व कप में 'निश्चित रूप' भाग लेगा। इन्फेंटिनो ने सीएनबीसी के इन्वेस्ट इन अमेरिका फोरम में कहा कि ईरान का विश्व कप में भाग लेना महत्वपूर्ण है। अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान के इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। फीफा अध्यक्ष ने दो सप्ताह पहले तुर्की के अंताल्या में ईरान की राष्ट्रीय टीम से मुलाकात की थी।

### आईजीपीएल गोल्फ : माने, सोनी और शाह संयुक्त बढ़त पर

**जोहानिसबर्ग।** ओलंपियन उदयन माने, मिलिंद सोनी और मानव शाह ने यहां आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में



समान सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। यह तीनों खिलाड़ी पिछले साल के आईजीपीएल रैंकिंग विजेता पुखराज सिंह गिल (66) से एक शॉट आगे हैं। गगनजीत भुल्लर, करनदीप कोचर और सार्थक छिब्बर पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं।

# जडेजा 3,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ ही चटका चुके हैं 173 विकेट, दूसरे नंबर पर अक्षर पटेल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक चुनिंदा स्पिनरों ने 100 विकेट का आंकड़ा पार किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रुणाल पांड्या ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में ये आंकड़ा छूआ। इसके साथ ही पांड्या उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए, जिन्होंने आईपीएल में 1,000 रन बनाने के साथ-साथ 100 विकेट भी लिए हैं।



### रविंद्र जडेजा

रविंद्र जडेजा आईपीएल में 259 मैच की 201 पारियों में 28.27 की औसत और 130.00 की स्ट्राइक रेट से 3,336 रन बना चुके हैं। इसमें 5 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 77* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 228 पारियों में 30.31 की औसत से 173 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।



### अक्षर पटेल

अक्षर पटेल ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2014 में खेला था। उन्होंने अब तक 166 मुकाबले खेले हैं और इसकी 127 पारियों में 21.32 की औसत और 133.63 की स्ट्राइक रेट से 1,913 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 रन रहा है। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 163 पारियों में 31.72 की औसत से 131 विकेट चटकाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/21 का रहा है।



### क्रुणाल पांड्या

पांड्या ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2016 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 147 मुकाबले खेले हैं और इसकी 137 पारियों में 31.41 की औसत और 7.53 की इकॉनमी रेट से 100 विकेट लिए हैं। उन्होंने एक बार 4 विकेट हॉल लिया है और उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/45 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 119 पारियों में 21.96 की औसत और 131.90 की स्ट्राइक रेट से 1,757 रन बनाए हैं।

### इन विदेशी खिलाड़ियों ने हासिल किया है ये मुकाम

विदेशी खिलाड़ियों में 1,000 रन के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल हैं। इनमें से आईपीएल 2026 में सिर्फ नरेन हिस्सा ले रहे हैं।

## अजेय टीम पंजाब पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची

# डिकॉक के शतक पर भारी प्रभसिमरन की पारी, किंग्स ने मुंबई को 7 विकेट से हराया

भाषा ▶▶| मुंबई

- प्रभसिमरन और अय्यर की फिफ्टी
- अर्शदीप 3 विकेट लेकर मैन आफ द मैच

प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतक से सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक पर पानी फेरते हुए पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स की टीम मुंबई के 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन की 39 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 80 रन की पारी की और कप्तान श्रेयस अय्यर (66 रन, 35 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। इस जीत से टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम पंजाब किंग्स पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई की टीम इतने ही मैच में दो अंक के साथ नौवें स्थान पर है। इससे पहले मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डिकॉक ने 60 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन, 31 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की जिससे मुंबई इंडियन्स ने छह विकेट पर 195 रन बनाए। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य (15) ने दीपक चाहर के पहले ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन स्पिनर अल्लाह गजनफर (31 रन पर दो विकेट) की गेंद पर चाहर को कैच थमा दिया।



### मुंबई-195/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रेयान का शशांक बो अर्शदीप | 02 |
| क्विंटन डिकॉक नाबाद | 112 |
| सूर्यकुमार का चहल बो अर्शदीप | 00 |
| नमन धीर का बार्टलेट बो शशांक | 50 |
| हार्दिक का बार्टलेट बो यानसेन | 14 |
| शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप | 01 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 08 |
| मयंक रावत नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08

कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 195 रन

विकेट पतन: 1-12, 2-12, 3-134, 4-175, 5-185, 6-193

गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-22-3, यानसेन 4-0-30-1, बार्टलेट 4-0-39-0, वैशाक 3-0-36-0, चहल 3-0-45-0, शशांक 2-0-19-1

### पंजाब-198/3 (16.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का चाहर बो गजनफर | 15 |
| प्रभसिमरन सिंह नाबाद | 80 |
| कूपर का डिकॉक बो गजनफर | 17 |
| श्रेयस का नमन बो शारदुल | 66 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 10 |

अतिरिक्त: 10

कुल: 16.3 ओवर में तीन विकेट पर: 198 रन

विकेट पतन: 1-27, 2-45, 3-184

गेंदबाजी: चाहर 2.3-0-45-0, बुमराह 4-0-41-0, गजनफर 4-0-31-2, पंड्या 3-0-39-0, शारदुल 3-0-42-1

### केकेआर पहली जीत के लिए बेकरार, गुजरात टाइटंस घरेलू मैदान पर अच्छे प्रदर्शन को तैयार

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 25वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से आज 17 अप्रैल को होगा। केकेआर ने इस संस्करण 5 मुकाबले खेले हैं। उसे 4 मैच में हार मिली है और एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द रहा है। जीटी ने 4 मैच खेले हैं और उसे 2 मैच में जीत और इतने ही मैच में हार मिली है। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। वहीं जीत से लबरेज गुजरात टाइटन्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच 5 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान जीटी ने 3 मैच अपने नाम किए हैं। केकेआर सिर्फ एक मैच जीतने में सफल रही है। एक मुकाबला बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ है। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच एक मैच हुआ था। उसे जीटी ने 39 रन से जीता था। आईपीएल 2024 में का मुकाबला रद्द रहा था। ऐसे में केकेआर के खिलाफ जीटी का ही पलड़ा भारी रहने वाला है।

## बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 36 वर्षीय रुबेल ने बुधवार को अपने फेसबुक अकांउट पर लिखा कि वह बांग्लादेश के लिए खेले गए 159 मैचों के अपने करियर को समाप्त कर रहे हैं। रुबेल ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2021 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उसके बाद से चोटों के कारण उनकी भागीदारी सीमित होती गई। उन्होंने कहा हालांकि, मैं घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता हूं।



### डेब्यू पर 4 विकेट लेकर फैलाई थी सनसनी

रुबेल वनडे डेब्यू पर 4 विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज हैं। उन्होंने 2009 में श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ 33 रन देकर 4 विकेट चटकाते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसी तरह उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में इंग्लैंड के खिलाफ चार गेंदों के अंतराल में इयान बेल और कप्तान इयोन मॉर्गन को आउट करने के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन को पवेलियन भेजा था। उन्होंने 53/4 के आंकड़ों से टीम को जीत दिलाई थी।

### ऐसा रहा है रुबेल का अंतरराष्ट्रीय करियर

रुबेल ने जनवरी 2009 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। उन्होंने बांग्लादेश के लिए 27 टेस्ट मैचों में 76.77 के औसत से 36 विकेट लिए हैं। 5/166 उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह 104 वनडे में 34.31 की औसत से 129 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उन्होंने 7 बार 4 और एक बार 5 विकेट हॉल लिया है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/26 का रहा है। उन्होंने 28 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी 28 विकेट अपने नाम किए हैं।

**भारतीय भूचुंबकत्व संस्थान, मुंबई**
Indian Institute of Geomagnetism, Mumbai
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body under Dept. of Science & Technology, Government of India)

विज्ञापन संख्याः 02/IIG/HRD/2026 दिनांकः अप्रैल 15, 2026 आईआईजी मुंबई द्वारा भौतिकी (स्पेस फिजिक्स) में एकीकृत एमएस (आर)-पीएचडी कार्यक्रम 2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया वेबसाइट देखें: https://iigm.res.in/admissions/integrated-msr-ph-d.

रजिस्ट्रार

CBC-36127/12/0002/2627

**न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढा समिति (पी.ए.सी.एल. लि. के मामले में)**

**सार्वजनिक सूचना**

**ओड़िशा – सुबर्णापुर, हरियाणा करनाल, छत्तीसगढ़ राजनांदगांव में स्थित पी.ए.सी.एल. लि. की संपत्तियों की ई-नीलामी**

1. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सुब्रत भट्टाचार्य बनाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के मामले (सिविल अपील सं. 13301/2015) में तथा दूसरे संबंधित मामलों में, 2 फरवरी 2016 को पारित किए गए आदेश के तहत, पी.ए.सी.एल. लि. द्वारा खरीदी गई संपत्तियों की बिक्री करने के लिए, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था, ताकि बिक्री से मिलने वाले पैसों (सेल प्रोसीड्स) से निवेशकों को भुगतान किया जा सके। उपरोक्त मामले में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित किए गए आदेश दिनांक 8 अगस्त, 2024 के अनुसार, इस समिति ने **ओड़िशा सुबर्णापुर, हरियाणा करनाल, छत्तीसगढ़ राजनांदगांव में स्थित पी.ए.सी.एल.लि.** की संपत्तियों की ई-नीलामी शुरू करने का निर्णय लिया है और तदनुसार 'प्रस्ताव हेतु निवेदन' (आरएफपी) जारी किये हैं, जो इन लिंकों के अंतर्गत उपलब्ध है : https://www.sebi.gov.in/notice-for-eoi-proposals.html and https://www.bankeauctions.com.
2. उपरोक्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज इन लिंकों के अंतर्गत जाकर देखे जा सकते हैं : https://www.sebi.gov.in/notice-for-eoi-proposals.html and https://www.bankeauctions.com.
3. ई-नीलामी में भाग लेने से संबंधित ब्यौरे आरएफपी में दिए हुए हैं। आरएफपी से संबंधित मुख्य-मुख्य तारीखें इस प्रकार हैं: -

- आरएफपी के प्रकाशन की तारीख - 17 अप्रैल, 2026
- बोलियाँ इस तारीख से प्रस्तुत की जा सकती हैं - 17 अप्रैल, 2026
- बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय - 22 मई, 2026 (17:00 बजे)
- इस तारीख से ई-नीलामी शुरू होगी - 08 जून, 2026 (11:00 बजे)

**संबंधित शर्तें:**

➢ इन संपत्तियों की बिक्री ''जहाँ है, जैसा है और जो भी है'' के आधार पर की जाएगी और यदि इन संपत्तियों को लेकर कोई दावा किया जाता है या उन पर कोई देनदारी बकाया हो और/या उन पर कोई ऋणभार (इन्कम्ब्रेस) हो, तो उसकी जिम्मेदारी खरीदार की होगी।

➢ इस नोटिस में और इस निविदा संबंधी दस्तावेज के तहत जारी किए गए आरएफपी में संपत्तियों के जो ब्यौरे दिए गए हैं वे उसी प्रकार हैं जैसा विक्रेता को उपलब्ध कराया गया है और यदि किसी कारण से इन ब्यौरों में कोई भी बदलाव होता है, तो इसकी जिम्मेदारी न तो विक्रेता की होगी और और न ही एजेंसी की।

➢ यदि संपत्तियों / उनसे संबंधित हक विलेख (टाइटल डीड) में कुछ भी गड़बड़ी पाई जाती है, तो उसके लिए समिति किसी भी सूरत में जिम्मेदार नहीं होगी और बोली लगाने वालों से यह निवेदन है कि वे संपत्तियों से संबंधित हक विलेख (टाइटल डीड) की अच्छी तरह से छानबीन करने के बाद ही अपनी बोलीयाँ प्रस्तुत करें।

CBC-15204/11/0003/2627

## फ्रेंच ओपन की इनामी राशि सात करोड़ डॉलर से अधिक हुई

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौरे में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे।



### युगल विजेताओं की राशि में भी बढ़ोतरी

पुरुष और महिला युगल के विजेताओं को छह लाख यूरो और मिश्रित युगल की चैंपियन जोड़ी को एक लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे। पिछले साल कार्लोस अल्कारेज ने पांच सेट के तक चले फाइनल में यानिक सिनर को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता था जबकि कोको गॉफ ने एरिना सबालेंका को हराकर महिला एकल खिताब अपने नाम किया था।

# महिला क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच टी20 सीरीज आज से

एजेंसी ▶▶| डरबन

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को उचित मौका दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी है और शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का पूरा फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरमनप्रीत ने यह भी कहा कि वनडे विश्व कप जीतने के बाद उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। भारत ने हाल में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में जीत दर्ज की है।



### विश्व कप की तैयारी के लिए अहम : हरमनप्रीत

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले इंग्लैंड एवं वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट से पहले उन्हें संयोजन को परखने और लय बनाने का मौका देंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि पांच मैच की श्रृंखला में सभी खिलाड़ियों को मौका देना ही प्राथमिकता होगी। हम इस मौके को बहुत गंभीरता से लेना चाहते हैं और यहां अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना चाहते हैं। विश्व कप से पहले यह हमारे लिए एकजुट होने और अच्छी तैयारी का शानदार मौका है।''

## 184 छक्के लगाकर केएल राहुल दूसरे स्थान पर

# सलामी बल्लेबाज के रूप में विराट जड़ चुके हैं 186 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स एलएसजी को 5 विकेट से हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए मैच में जीत के लिए मिले 147 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने विराट कोहली की पारी की मदद (49) से हासिल किया। कोहली ने अपनी पारी में 2 छक्के लगाए। इस बीच वह बतौर सलामी बल्लेबाज सर्वाधिक छक्के वाले भारतीय बने। इसके बाद दूसरे नंबर पर केएल राहुल का नाम आता है।

### विराट कोहली

कोहली ने अब तक सलामी बल्लेबाज के तौर पर 133 मैच खेले हैं और इसकी 133 पारियों में 5,237 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 113* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 41 अर्धशतक लगाए हैं। वह पारी की शुरुआत करते हुए 185 छक्के लगा चुके हैं।बता दें कि कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### केएल राहुल

केएल राहुल ने बतौर सलामी बल्लेबाज अब तक 107 मैच खेले हैं और इसकी 107 ही पारियों में उन्होंने 48.69 की औसत और 138.75 की स्ट्राइक रेट के साथ 4,529 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 184 छक्के लगाए हैं। राहुल ने अपने आईपीएल करियर में कुल 5 शतक लगाए हैं और ये सभी सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलते हुए आए हैं।



### रोहित शर्मा

रोहित शर्मा ने आईपीएल में सलामी बल्लेबाज के तौर पर कुल 148 छक्के लगाए हैं। उन्होंने 121 पारियों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेला है, जिसमें 29.23 की औसत और 134.81 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,303 रन अपने नाम किए हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 20 अर्धशतक लगाए हैं। वह पारी की शुरुआत करते हुए 7 पारियों में शून्य पर आउट हो चुके हैं।

### शिखर धवन

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज शिखर धवन आईपीएल के इतिहास में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इस लीग में 202 पारियों में बतौर सलामी बल्लेबाज उतरे, जिसमें उन्होंने 35.54 की औसत और 128.11 की स्ट्राइक रेट के साथ 6,362 रन बनाए थे। उन्होंने 143 छक्के और 728 चौके लगाए थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




## व्यापार, निवेश और ग्रीन टेक्नोलॉजी पर सहयोग बढ़ाने पर फोकस

# पीएम मोदी ने की ऑस्ट्रियाई चांसलर से मुलाकात, साइन किए गए 6 एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर ने हैदराबाद हाउस में एक द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में व्यापार, निवेश, ग्रीन टेक्नोलॉजी और जरूरी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर फोकस किया गया। मोदी-स्टॉकर वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें एक समझौता भारतीय और ऑस्ट्रियाई कंपनियों को एक-दूसरे के यहां निवेश करने में सहायता के लिए एक त्वरित तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए भी एक समझौता किया गया।

*यात्रा से निवेश संबंधों में नई ऊर्जा*

*सैन्य सहित कई क्षेत्रों में सहयोग*


पीएम मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर

### क्वांटम, सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हुई साझेदारी

पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रिया की विशेषज्ञता को भारत की गति और व्यापकता के साथ मिलाकर, हम पूरी दुनिया के लिए विश्वसनीय प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि हम रक्षा, सेमीकंडक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को मजबूत करेंगे। चांसलर की यात्रा द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों में नई ऊर्जा का संचार करेगी। हमें खुशी है कि वह एक व्यापक दृष्टिकोण और एक बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हैं।

### भारत की विकास यात्रा सराहनीयः चांसलर

क्रिश्चियन स्टॉकर ने भारत की विकास यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि देश बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। भारत यूरोपीय संघ के लिए दक्षिण एशिया में सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। भारत लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, बुनियादी ढांचे और तकनीक में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। ऑस्ट्रिया जैसे छोटे लेकिन अत्यधिक नवोन्मेषी निर्यातक देश के लिए यह एक बड़ा अवसर है, जिसे हम सक्रिय रूप से अपनाना चाहते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में मजबूत साझेदारियां ही आर्थिक सफलता की कुंजी हैं।

### भारत-ईयू के संबंधों में नया स्वर्णिम अध्याय शुरू


पीएम मोदी ने स्टॉकर की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और भारत में रेलवे के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा पहल सहित कई इंजीनियरिंग परियोजनाओं में ऑस्ट्रियाई कंपनियों की भागीदारी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता होने के बाद, भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों में एक नया स्वर्णिम अध्याय शुरू हो गया है। चांसलर स्टॉकर की यात्रा के साथ, हम भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को भी एक नए युग में ले जा रहे हैं।

## रविवार को आएंगे दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति

*दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। राष्ट्रपति ली सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक बातचीत करेंगे। दोनों पक्षों के बीच कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर मुहर लगने की संभावना है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वाई सुंग-लाक ने सियोल में कहा कि ली की यात्रा के मद्देनजर दोनों देश रणनीतिक क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग का नया अध्याय खोलेंगे।*

■ इससे पहले भी आतंकी सरगना किए गए ढेर

## लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हमजा को लाहौर में गोली मारी



इस्लामाबाद। लश्कर-ए-तैयबा (एलटीटी) के संस्थापक सदस्यों में से एक आमिर हमजा पर पाकिस्तान में जानलेवा हमला हुआ है। आमिर को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारी है। हमले के बाद उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हमजा यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेजरी से घोषित आतंकवादी है। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठनों के लोगों पर बीते कुछ महीनों में लगातार हमले होने की बात सामने आई है। हमजा पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर गोलियां चलाईं। आमिर की स्थिति को लेकर अस्पताल की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## भ्रष्टाचार रोकने नेपाल में जांच पैनल गठित

**काठमांडू।** नेपाल में नई सरकार ने भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पीएम बने बालेंद्र शाह की सरकार ने पूर्व और वर्तमान नेताओं व अधिकारियों की संपत्ति की जांच के लिए एक पैनल गठित किया है। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने बताया कि पांच सदस्यीय इस पैनल की अध्यक्षता सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज राजेन्द्र कुमार भंडारी करेंगे।

■ दिल्ली बम ब्लास्ट आरोपी से निदा खान का कनेक्शन

## आतंकी साजिश की जांच में जुटी एनआईए, स्पेशल सेल

**नई दिल्ली।** नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की एचआर एग्जीक्यूटिव निदा खान के पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की आतंकी डॉ. शाहीन शाहिद से जुड़ने के मामले की जांच करने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल नासिक जा सकती है। निदा खान, लाल किला बम धमाके की आरोपित डॉ. शाहीन शाहिद के साथ लंबे समय से जुड़ी रही है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से निदा खान फरार है। इस संबंध में नासिक पुलिस ने स्पेशल सेल को भी सूचित कर दिया है। निदा खान उन कट्टरपंथी नेटवर्क के संपर्क में थी जो शाहीन के जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े महिला विंग से जुड़े हुए हैं। जांच एजेंसियां अब इस पूरे मामले को एक 'हाइब्रिड' या 'व्हाइट-कालर' आतंकी साजिश के तौर पर देख रही है, जहां कॉर्पोरेट कार्यालयों का उपयोग कट्टरपंथ फैलाने और भर्ती करने के लिए किया जा रहा था। एसआईटी डिजिटल सुबूतों, वॉट्सएप चैट और अन्य दस्तावेज को खंगाल रही हैं।

